दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 152 | सीकर, शनिवार 01 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## सरकारी स्कूल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

### पीटीआई के खिलाफ मामला दर्ज

### स्कूल के गेट पर ताला जड़कर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** साण्डवा थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल की 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शारीरिक शिक्षक (पीटीआई) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता पोक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### आधी छुट्टी के दौरान घटना को दिया अंजाम

पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार 30 जुलाई को छात्रा स्कूल गई थी। दोपहर में आधी छुट्टी के दौरान आरोपी पीटीआई सहीराम दूसाद निवासी बैरासर ने छात्रा को इशारे से पास की गली में बुलाया। आरोप है कि वह छात्रा को बहला-फुसलाकर और दबाव बनाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैरासर स्थित अपने घर ले गया, जहां उसने कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

#### घबराकर घर पहुंची छात्रा,, परिजनों को बताई आपबीती

क्लास में छात्रा के न लौटने पर सहपाठियों की सूचना के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की। दोपहर करीब 12:30 बजे छात्रा डरी-सहमी और घबराई हालत में घर पहुंची तथा परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।

#### स्कूल के गेट पर ताला जड़कर ग्रामीणों का प्रदर्शन

घटना के विरोध में आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश कर स्कूल का गेट खुलवाया।

#### डीएसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई जांच

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए प्रकरण की जांच सुजानगढ़ के डीएसपी दरजाराम बोस को सौंपी गई है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाने तथा न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि दर्ज एफआईआर के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है और तथ्यों की पुष्टि के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को 15 मिनट में 2 गोल्ड

### जूडो में अस्मिता-हर्ष चैंपियन, यामिनी को सिल्वर, इंडिया को अब तक 20 मेडल



ग्लासगो.

भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 15 मिनट के अंदर 2 गोल्ड जीत लिए। जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह चैंपियन बने। इसके बाद यामिनी मौर्य ने सिल्वर दिलाया। गेम्स के इतिहास में भारत ने पहली बार जूडो में गोल्ड मेडल जीता है। शुक्रवार रात 8.56 बजे अस्मिता डे ने विमेंस 48 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में कनाडा की हेइडी क्राच को 2-1 से हराया। रात 9.11 बजे हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को 10-0 से हराया। 57 किग्रा वर्ग में यामिनी मौर्य को डिस्क्वालिफाई होने के कारण सिल्वर मिला। मेडल टैली में भारत 9वें स्थान पर पहुंच गया है। अब तक टीम 5 गोल्ड, 11 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत कुल 20 मेडल जीत चुकी है।

**अस्मिता ने कनाडा की हेइडी क्राच को हराया-** त्रिपुरा की रहने वाली 23 साल की अस्मिता ने फाइनल के शुरुआती दौर में एक अंक गंवा दिया था। थोड़ी देर में उन्हें एक पेनल्टी भी मिल गई। इससे कनाडा की हेइडी क्राच ने मैच पर अपनी पकड़ बना ली। अस्मिता ने अटैकिंग खेल जारी रखा और चार मिनट के मुकाबले के आधे समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

**हर्ष ने ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज हराया-** 23 साल के हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को वाजा-अरी (10-0) से हराया। काट्ज ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन हर्ष ने शानदार बचाव किया और बढ़त नहीं दी। एक मौके पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने उन्हें पिन करने की कोशिश की, लेकिन हर्ष उससे बाहर निकल गए और जवाबी दांव भी लगाया।

**यामिनी मौर्य को फाइनल में हार के बाद सिल्वर-** भारत की यामिनी मौर्य को इंग्लैंड की एसेल्या टोपराक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। करीब 7 मिनट तक चले मैच में दोनों खिलाड़ी अंक हासिल नहीं कर सकीं। आखिर में यामिनी को तीसरी वार्निंग मिलने पर गोल्ड मेडल गंवाना पड़ा। वर्ल्ड नंबर-13 टोपराक ने शुरुआत से कई बार अटैक किए, लेकिन यामिनी ने शानदार बचाव करते हुए उन्हें अंक नहीं लेने दिए।

## मजबूर कांग्रेस नेता बैठे कीचड़ में

### समस्या समाधान नहीं करने के लगाए आरोप

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय बागरेचा बास में कांग्रेस नेता और निवर्तमान वार्ड नं. 26 के पार्षद प्रतिनिधि विद्या प्रकाश बागरेचा ने जन समस्याओं का समाधान नहीं होने पर विरोध का अनूठा तरीका अपनाया। विद्याप्रकाश बागरेचा मोहल्ले में फैले कीचड़ में बैठ गए और जन समस्याओं के समाधान की मांग करने लगे। बागरेचा ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों ने उनका फोन तक ब्लैक लिस्ट कर दिया है और नाली निर्माण तथा पेच वर्क का कार्य नहीं करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब तक समस्या समाधान नहीं होता,, तब तक मैं कीचड़ में बैठा रहूंगा। विद्याप्रकाश बागरेचा ने बताया कि एक दो लोग रोज-रोज मलबा डालकर सड़क को बाधित कर रहे हैं लेकिन प्रशासन और नगरपरिषद के लोग उन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण यहां से प्रतिदिन निकलने वाले हजारों बाईक सवारों, सैंकड़ों पैदल राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दूसरी ओर विद्याप्रकाश बागरेचा के कीचड़ में बैठ जाने से लोग हक्के बक्के रह गए और विडियो फोटो बनाने लगे। मौके पर दो ट्रोली मलबा भी बीच सड़क पर डाला हुआ नजर आया। सूचना मिलने पर नगरपरिषद के कनिष्ठ अभियंता कमलेश साखुनिया पहुंचे और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक शाम को तीन घंटे से विद्याप्रकाश बागरेचा लगातार कीचड़ में ही धरना देते रहे और कहा कि जब तक मौके पर समस्याओं का समाधान शुरू नहीं कर दिया जाता है। तब तक कीचड़ में ही धरने पर बैठे रहूंगा।

## यहीं जिएंगे-यहीं मरेंगे, ग्रामीणों का ऐलान

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने 31 जुलाई को फतेहसरा गांव का दौरा कर अतिक्रमण हटाने के नाम पर ग्रामीणों के आशियानों को हटाने की सरकारी कार्रवाई का विरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा के जिला सचिव सुमेर बुडानिया, कॉमरेड सुभाष बुगालिया, महिपाल पूनिया, संजीव मांठ तथा आशीष पचार शामिल रहे। इस दौरान प्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवार पिछले 100 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं तथा अनेक परिवारों के पास पंचायत द्वारा जारी पट्टे भी हैं। इसके बावजूद उन्हें मकान खाली करने के नोटिस दिए गए हैं। प्रभावित परिवारों में अधिकांश भूमिहीन हैं। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वे यहीं जन्मे हैं और यहीं रहेंगे। यदि प्रशासन द्वारा जबरन कार्रवाई की जाती है तो वे एकजुट होकर इसका मुकाबला करेंगे। किसान सभा ने चेतावनी दी कि इस मुद्दे को लेकर जिले के सभी प्रभावित गांवों के लोगों को संगठित कर आंदोलन किया जाएगा। साथ ही मांग की गई कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बसे लोगों को उसी स्थान पर पट्टे जारी किए जाएं तथा अतिक्रमण के नाम पर लोगों के आशियाने उजाड़ने की कार्रवाई तत्काल बंद की जाए।

## वैगनआर गाड़ी घुसी दूध टैंकर में, दो महिलाओं की मौत, पांच गंभीर घायल

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** सिंघाना थाना क्षेत्र के गाड़ाखेड़ा के पास शुक्रवार दोपहर को वैगनआर गाड़ी व दुध के टैंकर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दौरान हादसे में गाड़ी में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि पांच जने गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायलों को उपचार के लिए चिड़ावा के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्हें हालत गंभीर होने पर झुंझुनू रैफर कर दिया। थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे गाड़ाखेड़ा से भैसावता कलां के बीच एक हादसे की सूचना मिली थी। इस दौरान मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान जानकारी जुटाई तो सामने आया कि वैगनआर गाड़ी चिड़ावा की ओर से सिंघाना की तरफआ रही थी, जो सिंघाना की ओर से जा रहे दूध के ट्रक में घुस गई। इस दौरान हादसे में गाड़ी में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई तथा पांच जने घायल होने पर उन्हें चिड़ावा अस्पताल में पहुंचाया गया। हादसे का शिकार लोगों के बारे में जानकारी जुटाई तो सामने आया कि वैगनआर सवार लोग नूंह मेवात के होने की बात सामने आई है। मृतक व घायलों की अभी पहचान नहीं हो पाई है जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक दोनों महिलाओं के शव को केसीसी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है तथा परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। हादसे के दौरान झुंझुनू-सिंघाना सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हटाकर गाड़ाखेडा चौकी ले जाया गया तथा सड़क पर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया गया।

### नवयत्न फोटो ऑफ द डे



आसमान से धरती की ओर उड़ते पक्षियों की अटखेलियां और उनका मधुर कलरव अच्छे मानसून का संकेत देते हैं-ऐसा बुजुर्गों का मानना है।

*कैमरामैन : शिव आनन्द शर्मा*

## योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा से स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विश्वकर्मा मंदिर झुंझुनू में प्रातः 5:15 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित नियमित योग कक्षा में प्राकृतिक चिकित्सक बंशी लाल भूरिया एवं डॉ पूनम सिंघल ने योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर उपयोगी जानकारी दी। डॉ पूनम सिंघल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। वहीं प्राकृतिक चिकित्सक बंशी लाल भूरिया ने संतुलित एवं सात्विक आहार, प्राकृतिक चिकित्सा तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योग, उचित खान-पान एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से अनेक रोगों से बचाव संभव है। योग कक्षा में गायत्री शर्मा, खुशी वर्मा, ईशा, सुरुचि, दिव्या, कविता, टीना जगनानी, दीपाली, अजीत शर्मा एवं पवन सिंघल, राहुल जगनानी, शिवानी राणासरिया सहित अन्य साधकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।

## स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं और उसको पूरा करना सरकारी जिम्मेदारी है : ओला

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से राजस्थान सहित देश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों की भारी कमी, आवश्यक मानकीकृत दवाइयों की उपलब्धता तथा चिकित्सा सुविधाओं के अभाव का गंभीर मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि जब देश के लाखों मरीज डॉक्टरों, नर्सों, दवाइयों और जांच सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं, सरकारी अस्पताओं में मरीजों की लंबी लंबी लाइने लगी रहती है। तब केंद्र सरकार द्वारा केवल योजनाओं और दिशा-निर्देशों का उल्लेख करना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक आवश्यकता यह है कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए ठोस कदम उठाए। साथ ही आवश्यक दवाइयों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि प्रत्येक मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। क्योंकि स्वास्थ्य का मुद्दा किसी के जीवन से जुड़ा हुआ मामला होता है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से राज्यों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान करती है तो यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में मानव संसाधनों की कमी दूर हो और आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। सांसद ने भारत सरकार से मांग की कि देशभर में डॉक्टरों, नर्सों एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों के सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए ठोस कार्ययोजना और निश्चित समय-सीमा घोषित की जाए। इसके साथ ही आवश्यक एवं मानक गुणवत्ता वाली दवाइयों तथा चिकित्सा संसाधनों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर आवश्यक समन्वय स्थापित किया जाए ताकि सरकारी अस्पतालों में आम जनता को समय पर सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### नवयत्न कोबरी-सार



## रमाकांत बने जिलाध्यक्ष

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान जिला कार्यकारिणी झुंझुनू का गठन किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रकुमार राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष तुलसीराम सोनी, प्रदेश महासचिव दिनेश सोनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल की अनुशंसा से जिलाध्यक्ष पद पर नवलगढ़ के रमाकांत सोनी को नियुक्त किया है। उपाध्यक्ष सुरेश कुमार व सतीश सोनी, महामंत्री ओमप्रकाश सोनी, सचिव विमल सोनी व सुभाष डांवर, सह सचिव राजकुमार सुनालिया व किशनलाल सोनी, मीडिया प्रभारी गौरव सोनी, सह मीडिया प्रभारी अनिल सोनी, कोषाध्यक्ष रणजीत सोनी, संगठन मंत्री राजकुमार डांवर, सह संगठन मंत्री संतकुमार सोनी, प्रचार मंत्री मनोहर लाल सोनी, सलाहकार नंदकिशोर सोनी, मनोज डांवर, दुलीचंद बैराड़िया, रामचन्द्र सोनी, मातादीन सुनालिया, विनोद डांवर, योगेश सोनी, मुकेश कुमार सोनी, सुनील कुमार सोनी, गौरव सोनी, अनिल कुमार सोनी को सदस्य बनाया गया है। जिलाध्यक्ष सोनी ने बताया कि वे स्वर्णकार समाज के हितों के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे।

## पांच लाख में डमी अभ्यर्थी बैठाकर बनी पटवारी

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित पटवार भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर पटवारी की सरकारी नौकरी हासिल करने वाली 18 माह से फरार 10 हजार की इनामी महिला को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर चयनित हुई थी और वर्तमान में निलंबित पटवारी थी। मामले में डमी अभ्यर्थी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चुंकी बाई 41 ने वर्ष 2021 की पटवार भर्ती परीक्षा में फर्जी तरीके से चयन प्राप्त किया था। चयन के बाद उसकी पहली नियुक्ति पटवार हल्का इन्दु कुम्हेर में हुई थी। जबकि बाद में वह उपखंड कार्यालय पहाड़ी में पटवारी के पद पर कार्यरत रही। प्रकरण सामने आने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया था। एसओजी को मिली गोपनीय शिकायत की जांच के बाद वर्ष 2024 में मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 1992 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 23 अक्टूबर 2021 को आयोजित पटवार भर्ती परीक्षा में आरोपी ने अपने प्रवेश पत्र पर स्वयं और डमी अभ्यर्थी की मॉर्फ्ड मिक्स फोटो लगाकर तथा कूटरचित हस्ताक्षरों का इस्तेमाल कर अपनी जगह दूसरी महिला से परीक्षा दिलवाई। अनुसंधान में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी जगह परीक्षा देने वाली डमी अभ्यर्थी को 5 लाख नकद दिए थे। फर्जी परीक्षा के आधार पर उसने खेल-खेल में नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से सरकारी नौकरी हासिल कर ली। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार रही और पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने बदलती रही। उसकी गिरफ्तारी पर एसओजी के उप महानिरीक्षक द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। लगातार तलाश के बाद एसओजी टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में परीक्षा देने वाली डमी अभ्यर्थी छम्मी बाई उर्फ सम्मी उर्फ समिता को एसओजी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वह राजकीय प्राथमिक विद्यालय में तृतीय श्रेणी शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी और प्रकरण सामने आने के बाद उसे भी निलंबित कर दिया गया। एसओजी अब पूरे नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## आईपीआर पोर्टल दुबारा खुलने पर कर्मचारी महासंघ ने सरकार का जताया आभार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राज्य सरकार द्वारा राजकाज पोर्टल पर लंबित अचल संपत्ति विवरण आईपीआर भरने के लिए 1 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक अंतिम अवसर देने के निर्णय का अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने स्वागत किया है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री और कार्मिक विभाग का आभार व्यक्त करते हुए इसे लाखों राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हित में लिया गया महत्वपूर्ण फैसला बताया। राठौड़ ने कहा कि महासंघ लंबे समय से आईपीआर मॉड्यूल को पुनः खोलने की मांग कर रहा था। सरकार के इस निर्णय से वे कर्मचारी और अधिकारी, जिनका अचल संपत्ति विवरण लंबित था, अब निर्धारित अवधि में इसे भर सकेंगे, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार से कर्मचारियों और अधिकारियों के हित में दो अन्य महत्वपूर्ण मांगों पर भी शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त एवं कार्यरत कर्मचारियों तथा अधिकारियों के उपार्जित अवकाश सरेंडर लीव के लंबित भुगतान का शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही विभागीय पदोन्नतियों में अनुभव संबंधी शर्तों में पूर्ण छूट प्रदान करने के आदेश जल्द जारी किए जाएं, ताकि लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रियाओं का समयबद्ध निस्तारण हो सके। महासंघ ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार कर्मचारियों एवं अधिकारियों की इन न्यायोचित मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय लेकर जल्द आदेश जारी करेगी।

## भजन गायन प्रतिभाओं को मिलेगा मंच : कल होगा ऑडिशन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान की सांस्कृतिक एवं संगीत प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संगम कला ग्रुप राजस्थान की ओर से भजन गायन प्रतियोगिता ऑडिशन-1 का आयोजन 2 अगस्त रविवार को किया जाएगा। यह ऑडिशन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक द रूट्स पब्लिक स्कूल सोडाला जयपुर में आयोजित होगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेशभर में छिपी हुई भजन गायन प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा उन्हें बड़े स्तर पर अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। सब जूनियर वर्ग में 5 से 12 वर्ष, जूनियर वर्ग में 12 से 18 वर्ष, सीनियर वर्ग में 18 से 30 वर्ष तथा ओपन वर्ग में 30 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। संगम कला ग्रुप के पदाधिकारियों के अनुसार इस प्रतियोगिता के माध्यम से नई संगीत प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। आयोजकों ने इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर ऑडिशन स्थल पर पहुंचकर प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

# युवाओं ने पौधे लगा कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को समाज का सबसे बड़ा दायित्व मानते हुए रामार्थम फाउंडेशन द्वारा संविधान क्लब के समीप स्थित सार्वजनिक उद्यान में भव्य पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। रामार्थम फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. संजय खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सैकड़ों पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. संजय खंडेलवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का दायित्व निभाए, तो आने वाले वर्षों में राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरा देश हरियाली की नई पहचान बना सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही मानव जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा है और इसकी शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर और आसपास के वातावरण से करनी होगी। इस अभियान की विशेष बात यह रही कि जुकोल सॉल्यूशंस की पूरी टीम ने इसमें सक्रिय सहभागिता निभाई। श्री दुष्यंत यादव, अभिषेक शर्मा, पदम यादव सहित 100 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पौधों के संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जहां सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे केवल पौधे लगाएंगे ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाएंगे तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला तक विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर पहुंचाने में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान रामार्थम फाउंडेशन, सेवायाम एवं भारत वेंचर्स द्वारा महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा भी की गई। इस पहल की घोषणा रामार्थम फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. संजय खंडेलवाल द्वारा की गई, जिसे सेवायाम संस्था की संस्थापक एवं जयपुर की पूर्व महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## रेलवे प्लेटफार्म पर यात्री सुरक्षा भगवान भरोसे

### प्लेटफार्म से पार हुआ यात्री का बैग



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** चूरू रेलवे स्टेशन से दिल्ली जा रहे एक यात्री का रेल्वे प्लेटफार्म से बैग चोरी होने का मामला सामने आया है, जहाँ वारदात के बाद प्लेटफार्म पर एक बारगी हड़कंप मच गया और पीड़ित ने आनन-फानन में एक संदिग्ध शख्स को पकड़कर जीआरपी थाना चौकी के सुपुर्द कर दिया। वारदात के बाद रेल्वे पुलिस की गश्त और यात्री सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। फतेहपुर निवासी पीड़ित किशोर शर्मा की रिपोर्ट पर जीआरपी थाना पुलिस ने मामला दर्जकर अज्ञात चोरो की तलाश शुरू कर दी। फतेहपुर शेखावाटी निवासी पीड़ित किशोर शर्मा ने बताया कि फतेहपुर से वह चूरू आया था और चूरू रेल्वे स्टेशन से वह दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जा रहा था कि, तभी रेल्वे प्लेटफार्म संख्या एक पर वह ट्रेन का इंतजार कर रहा था और बैग पास में रखा था। पीड़ित ने बताया उसके आसपास एक से दो युवक काफी देर से घूम रहे थे और पलक झपकते ही उसे चकमा दे उसका प्लेटफार्म संख्या 1 से बैग लेकर फरार हो गए। फतेहपुर निवासी पीड़ित किशोर ने बताया कि दिल्ली वह अपने कैमरों की सर्विस करवाने जा रहा था बैग में करीब ढाई से तीन लाख रुपए की कीमत का कैमरा, जरूरी कागजात, कपड़े और कुछ नकदी रखी थी। पीड़ित ने वारदात के तुरंत बाद वहां से भाग रहे एक संदिग्ध को पकड़कर जीआरपी पुलिस के हवाले किया और जीआरपी पुलिस को बताया उक्त युवक भी बैग चोरी करने वाले चोर का साथी हो सकता है। पीड़ित ने कहा अगर जीआरपी पुलिस सक्रिय होती और गश्त करती तो शायद उसके साथ यह घटना कारित नहीं होती।

## होटल के आगे खड़ी कैंपर को लगाई आग



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ सड़क मार्ग पर मेगा हाइवे पर स्थित एक होटल के आगे खड़ी गाड़ी में कुछ युवकों ने आग लगा दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। घटना के बाद पीड़ित रतनगढ़ पुलिस थाना पहुंचा तथा लिखित में रिपोर्ट दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेगा हाइवे पर गांव लोहा के पास राजकुमार पूनियां न्यू फौजी होटल का संचालन करते हैं। गुरुवार की रात दो गाड़ियों में सवार होकर आए कुछ युवकों ने होटल के आगे खड़ी उनकी कैम्पर गाड़ी के आग लगा दी तथा मौके से फरार हो गए। उक्त घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। वहीं शुक्रवार को पूनियां ने घटना को लेकर पुलिस में लिखित रिपोर्ट भी दी है। पूनियां ने बताया कि उक्त लोगों ने पूर्व में भी उनके घर का दरवाजा तोड़ दिया था,, जिसका मुकदमा पुलिस में दर्ज है।

# रोबोटिक सर्जरी से कैंसर उपचार में एसएमएस ने बनाया नया कीर्तिमान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के सवाई मानसिंह एसएमएस अस्पताल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार रोबोटिक असिस्टेड थोरैसिक सर्जरी के माध्यम से भोजन नली इसोफेगस के कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन किया है। यह जटिल सर्जरी एसएमएस अस्पताल के सर्जरी विभाग की यूनिट-5 के वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेन्द्र बागड़ी और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न की।

यह राजस्थान में रोबोटिक तकनीक से इस प्रकार की पहली सफल सर्जरी मानी जा रही है। अस्पताल के अनुसार मरीज की विस्तृत जांच में भोजन नली में लगभग 30 सेंटीमीटर की दूरी पर सात सेंटीमीटर लंबा कैंसरग्रस्त हिस्सा पाया गया। विशेषज्ञ



चिकित्सकों की सलाह के बाद मरीज की रोबोटिक असिस्टेड इसोफेजेक्टॉमी विद इंट्राथोरैसिक इसोफेगोगैस्ट्रिक एनास्टोमोसिस की गई। पूरे उपचार का खर्च मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत वहन किया गया, जिससे मरीज को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेन्द्र बागड़ी ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान कैंसरग्रस्त भोजन नली को हटाने के बाद रोबोटिक तकनीक की सहायता से छाती के भीतर भोजन नली और पेट से तैयार की गई स्टमक ट्यूब को अत्यंत सटीकता के साथ जोड़ा गया। रोबोट की 360 डिग्री गतिशीलता, उच्च परिशुद्धता और सूक्ष्म नियंत्रण के कारण यह जटिल प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और तकनीकी रूप से बेहतर ढंग से पूरी की जा सकी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की थोरैसिक सर्जरी के लिए रोबोटिक तकनीक अत्यंत प्रभावी मानी जाती है। इस सफल ऑपरेशन में सर्जरी टीम के डॉ. रामबाबू, डॉ. बी.आर. बाराला, डॉ. रेनुका, डॉ. राहुल, डॉ. स्नेहिल, डॉ. अर्पित, डॉ. ऋषभ, डॉ. राजीव और डॉ. आरुषि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया प्रबंधन भी अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा। एनेस्थीसिया विभाग की वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. इंदु वर्मा और डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी के दौरान मरीज को पूरी प्रक्रिया में स्थिर रखना, नियंत्रित एवं निरंतर सेडेशन बनाए रखना तथा शरीर की सभी महत्वपूर्ण जीवनरक्षक क्रियाओं की लगातार निगरानी करना बेहद जटिल कार्य होता है। इस जिम्मेदारी का सफल निर्वहन डॉ. सुशील भाटी, डॉ. इंदु वर्मा, डॉ. सुनील चौहान, डॉ. कंचन तथा रेजिडेंट चिकित्सकों की टीम ने किया। इस उपलब्धि के साथ एसएमएस अस्पताल ने जटिल कैंसर सर्जरी में आधुनिक रोबोटिक तकनीक के सफल उपयोग का नया अध्याय जोड़ते हुए राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया।

# निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर कल

### प्रारम्भिक अवस्था में हो कैंसर की पहचान : डॉ नितिन खुटेटा

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** कैंसर से बचाव संबंधित जागरूकता के लिए महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर एवं नर सेवा नारायण सेवा संस्थान, झुंझुनूं द्वारा संयुक्त प्रयासों के जरिये रविवार 2 अगस्त को मोदी रोड स्थित बाबा गंगाराम अतिथि भवन निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर के वरिष्ठ कैंसर सर्जन प्रो डॉ नितिन खुटेटा ने बताया कि कैंसर से बचाव के लिए सबसे अहम प्रयास इसके प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रत्येक वर्ष विश्वभर में लगभग 2 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आते हैं तथा लगभग 97 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण होती है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख नए कैंसर मरीज सामने आते हैं और अधिकांश मामलों में बीमारी का पता देर से चलने के कारण उपचार कठिन हो जाता है। देश में हर साल लगभग 9.5 लाख लोग कैंसर की वजह से मौत का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए तो कई प्रकार के कैंसर में 90 प्रतिशत तक सफल उपचार संभव है। जबकि विडंबना ये है कि अधिकांश रोगी गंभीर होने पर ही इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए तंबाकू एवं धूम्रपान से पूरी तरह दूरी, शराब के सेवन से बचाव, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ वजन बनाए रखना, एचपीवी एवं हेपेटाइटिस-बी का टीकाकरण तथा समय-समय पर मुख, गला, स्तन, गर्भाशय, फेफड़े एवं बड़ी आंत के कैंसर की स्क्रनिंग आदि प्रमुख हैं। इन प्रयासों से कैंसर की समय रहते पहचान होती है, उपचार की सफलता बढ़ती है, मृत्यु दर में कमी आती है, उपचार पर होने वाला आर्थिक बोझ घटता है तथा मरीज बेहतर गुणवत्ता के साथ सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर आधुनिक तकनीकों, अनुभवी विशेषज्ञों एवं मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम के माध्यम से कैंसर की स्क्रनिंग से लेकर सर्जरी, कीमोथेरेपी, कंप्यूटराइज्ड रेडियोथेरेपी और विश्व की उन्नत रोबोटिक तकनीक से कैंसर सर्जरी नियमित रूप से की जा रही है। इस तकनीक द्वारा ऑपरेशन करने से उपचार के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। साथ ही साइबर नाइफ द्वारा शरीर के अंदरूनी हिस्से में स्थित कैंसर की छोटी गांठों को रेडिएशन द्वारा ठीक किया जा रहा है। यह प्रक्रिया पूरी तरह बिना चीरफाड़ की जाती है। नर सेवा नारायण सेवा संस्थान, झुंझुनूं के शिविर संयोजक संजीव मोदी ने बताया कि कैंसर स्क्रीनिंग शिविर को लेकर पूरे झुंझुनू जिले में सोशल मीडिया, डिजिटल पोस्टर, व्हाट्सएप अभियान, स्थानीय संस्थाओं एवं जनसंपर्क माध्यमों के जरिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मीडिया से जागरूकता प्रयास में सहयोग करने की अपील की। महात्मा गांधी अस्पताल के निदेशक, मार्केटिंग एवं जनसंपर्क वीरेन्द्र पारीक ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार से कैंसर जागरूकता अभियान को घर घर पहुंचाने के लिए किये गये अनुबंध के तहत कैंसर सुरक्षा संजीवनी वाहन तैयार की गई है जिसमें गर्भाशय कैंसर की जांच पैप स्मीयर, स्तन कैंसर की जांच मैमोग्राफी, फेफड़े के कैंसर की पहचान के लिए चेस्ट एक्स रेए मुख और गले के कैंसर के लिए ओरल स्क्रीनिंग के उपकरण लगे हैं। ये सभी जांच शिविर में निःशुल्क की जाएगी। भविष्य में भी महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर के सहयोग से झुंझुनू जिले में नियमित कैंसर स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परामर्श एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग समय रहते जांच कराकर गंभीर बीमारी से बच सकें। पत्रकार वार्ता के माध्यम से आमजन को शिविर की विस्तृत जानकारी देने के साथ कैंसर के प्रति जागरूक किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क स्क्रीनिंग का लाभ उठाकर समय रहते बीमारी की पहचान करा सकें। उन्होंने सभी मीडिया प्रतिनिधियों से इस जनहितकारी अभियान को व्यापक प्रचार-प्रसार प्रदान करने का आग्रह किया।

## 10 साल के शर्मा ने सोशल मीडिया पर बनाई अलग पहचान

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** डिजिटल दौर में जहां अधिकांश बच्चे मोबाइल गेम्स और मनोरंजन में समय बिताते हैं, वहीं जयपुर के 10 वर्षीय रिलय शर्मा अपनी रचनात्मक सोच और सहज प्रस्तुति से सोशल मीडिया पर अलग पहचान बना रहे हैं। उनका इंस्टाग्राम पेज ड्यड एंड डेडी परिवार, लाइफस्टाइल, ट्रैवल और उपयोगी जानकारियों पर आधारित कंटेंट के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। वर्तमान में इस पेज से 13 हजार से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। ड्यड एंड डेडी पर परिवार, पैरेंटिंग, ट्रैवल, फैशन, प्रोडक्ट रिव्यू और रोजमर्रा की उपयोगी जानकारियों से जुड़े वीडियो साझा किए जाते हैं, जिन्हें दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। रिलय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे बिना किसी स्क्रिप्ट के स्वाभाविक अंदाज में कैमरे के सामने अपनी बात रखते हैं, जिससे उनका कंटेंट सहज, वास्तविक और भरोसेमंद महसूस होता है। रिलय शर्मा का कहना है कि उनकी उम्र के कई बच्चे मोबाइल देखने में समय बिताते हैं, लेकिन उन्हें कुछ नया और रचनात्मक करना पसंद है। उनका प्रयास रहता है। कि कम शब्दों में सही, सटीक और उपयोगी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। रिलय के अनुसार ड्यड एंड डेडी का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि परिवार, सकारात्मक सोच, नई जगहों की जानकारी, उपयोगी उत्पादों की समीक्षा और प्रेरणादायक अनुभवों के माध्यम से लोगों तक भरोसेमंद एवं उपयोगी जानकारी पहुंचाना है। डिजिटल युग में रिलय शर्मा जैसे युवा कंटेंट क्रिएटर्स यह संदेश दे रहे हैं कि सही मार्गदर्शन, रचनात्मक सोच और सीखने की इच्छा के साथ कम उम्र में भी सकारात्मक और प्रेरक कंटेंट के जरिए बड़ी संख्या में लोगों तक प्रभावी पहुंच बनाई जा सकती है।

# कॉलेज की मार्कशीट व डिग्री लेने की अंतिम तिथि 31 अगस्त

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी के स्वामी विवेकानंद राजकीय कॉलेज में विद्यार्थियों की मार्कशीट एवं डिग्री वितरण की अंतिम तिथि को शेखावाटी यूनिवर्सिटी ने बढ़ाकर 31 अगस्त तक निर्धारित की गई है। अब मार्कशीट एवं डिग्री प्राप्त करने के लिए केवल एक माह में प्राप्त कर सकते है। इसके बाद विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी के चक्कर लगाने पड़ सकते है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर से वर्ष 2016 से 2024 तक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थीयो के लिए पहले 15 जुलाई, फिर 30 जूलाई की। अब 31 अगस्त तक महाविद्यालय कार्यालय से अपनी अंकतालिका एवं डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सीपी कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मार्कशीट वितरण कार्य प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया जा रहा है। विद्यार्थियों को अपनी मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। आवश्यकता होने पर रविवार को भी वितरण किया जाएगा। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे सिर्फ एक माह शेष रहते अपनी मार्कशीट एवं डिग्री अवश्य प्राप्त कर लें। यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित की गई तिथि के बाद शेष अंकतालिकाएं एवं डिग्रियां विश्वविद्यालय को वापस भेज दी जाएगी, जिसके बाद विद्यार्थियों को इन्हें प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। प्राचार्य डॉ सीपी ने विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी में जाने से होने वाली परेशानी से बचने के लिए जल्द कालेज में आकर मार्कशीट व अंकतालिका प्राप्त करने की अपील की है।

# कैंप में आवेदन किया और कैंप में ही मिला पट्टा




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** फोलो अप कैम्प शहरी सेवा शिविर के तहत नगरपरिषद के वीसी रूम में वार्ड नं. 17 व 18 का शिविर आयोजित किया गया। कार्यवाहक आयुक्त द्वारका प्रसाद ने बताया है कि शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 04, पट्टा नवीनीकरण 06, पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 07, जीवीपी 05, सीवर कनेक्शन 06, नाली मरम्मत 01, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 21, स्ट्रीट लाईट 07, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 03, पीएम स्व निधि 02, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 56, वृक्षारोपण 250, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 04, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 04 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 05, ढीले तारों को व्यवस्थित 03 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 432, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 60 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 90 प्रकरण, आधार सिडिंग 05, आधार केवाईसी 02, एलपीजी आईडी केवाईसी 1 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनका निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणियां, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि कमल दाधीच, मनीष दाधीच आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर सहायक अभियंता चारवी, शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, कनिष्ठ अभियंता कमलेश साखुनिया, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए, यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानियां, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णु शर्मा, एएनएम सुमन कुमारी, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, उर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, टेक्निशीयन राकेश तुनवाल तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे। दूसरी ओर शिविर में पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि करणीसिंह ने कहा कि मैंने अभियान के दौरान ही पट्टे का आवेदन किया था और मुझे आज पट्टा मिला है। उन्होंने सरकार के अभियान और नगरपरिषद के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि अगर दस्तावेज सही हैं, तो पट्टा प्राप्त करने में किसी को किसी प्रकार की दिक्कत शिविर में नहीं आ रही है। इसके लिए नगरपरिषद की पूरी टीम साधुवाद की पात्र है।

## भाजपा के नवीन कार्यालय का उद्घाटन



निसं

**डूंडलोद ( नवयत्न )।** भैरवजी महाराज मंदिर वाली गली में भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यालय के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। विधायक जाखल ने कहा की यह कार्यालय केवल संगठन का भवन नहीं बल्कि जनसेवा, राष्ट्रसेवा और कार्यकर्ताओं के समर्पण का सशक्त केंद्र बनेगा। यहां से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ आमजन की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किया गया। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर सिधेश्वर महादेव मंदिर के महंत योगी चेतन नाथ महाराज, भाजपा नेता शंकरलाल शर्मा, समाजसेवी सुभाष भूत एवं समाजसेवी सुभाष पाराशर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक विक्रम सिंह जाखल का कमल की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में महेश चौधरी, मुकुंदगढ़ मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा, मनोहर सिंह घोड़ीवारा, राधेश्याम सैनी, मनोहरलाल सैनी, मदन स्वामी, सीताराम, सुरेश नुवावाला, भीम सिंह बड़गुजर, उमेश टेलर, अजीज कायमखानी, हुसैन खां, तैयब काजी, हाजी लियाकत, हाजी मकबूल, गंगाधर किलानिया, दौलत गढ़वाल, संतोष शर्मा, सुधा, सीतल सोनी, दिनेश सोनी एवं रघुवीर ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहितक्षेत्र के गणमान्यजन मौजूद रहे।

## सोनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 27 को

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्वर्णकार समाज सेवा समिति झुंझुनू की ओर से आयोजित होने वाले प्रतिभावान सम्मान समारोह के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक प्रतिभागी 15 अगस्त 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। समिति सचिव विश्वनाथ सोनी के अनुसार सम्मान समारोह 27 सितंबर 2026 को दोपहर पूर्व 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक इंदिरा नगर स्थित सामुदायिक भवन, झुंझुनू में आयोजित किया जाएगा। समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों, भामाशाहों, समाजसेवियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा वर्ष 2026 में 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 1 अक्टूबर 2025 के बाद डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, सरकारी सेवा या अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में चयनित समाज के युवाओं को भी सम्मान दिया जाएगा। आवेदन के साथ अंकतालिका, संबंधित प्रमाण-पत्र, नियुक्ति/चयन आदेश की प्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना आवश्यक होगा। सभी आवेदन 15 अगस्त तक जमा कराए जा सकते हैं।

## अनिष्ट का डर दिखाकर बुजुर्ग महिला से सोने के गहने लूटे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना क्षेत्र में अनिष्ट का भय दिखाकर एक बुजुर्ग महिला से सोने के गहने ठगने का मामला सामने आया है। मंदिर से पूजा कर घर लौट रही महिला को दो बाइक सवार बदमाशों ने बातों में उलझाकर पूजा के नाम पर कान के सोने के टॉप्स और अंगूठी उतरवा ली और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निवारू रोड निवासी रेखा 66 प्रतिदिन कॉलोनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने जाती हैं। रोज की तरह पूजा-अर्चना कर वह पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक ने उन्हें आवाज देकर रोका। पहले मना करने पर भी उसने दोबारा रोककर बातचीत शुरू कर दी। आरोपी ने महिला को परिवार के साथ अनिष्ट होने का डर दिखाकर अपने झांसे में ले लिया। इसके बाद पूजा कराने का बहाना बनाकर उनके कानों के सोने के टॉप्स और सोने की अंगूठी उतरवा ली। आरोपी ने कहा कि वह मंदिर में पूजा कर तुरंत लौटता है, लेकिन वह अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया। काफी देर तक इंतजार करने के बाद महिला मंदिर पहुंची, जहां आरोपी नहीं मिला। तब उन्हें ठगी और लूट का अहसास हुआ। सूचना मिलने पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में नाकाबंदी कराई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर बाइक सवार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## जीप व ऑटो की भिड़ंत में एक की मौत, आधा दर्जन यात्री घायल



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जसवंतगढ़ हाईवे पर राम जानकी भवन के सामने जसवंतगढ़ में एक टेम्पो व जीप के बीच शुक्रवार को भीषण टक्कर हो गई। हादसे में लाडनूं की तरफ आ रहे ऑटो में सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। जसवंतगढ़ थाना डीओ सुखाराम बुरड़क से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार करीब साढ़े 11 बजे तेज रफ्तार से आ रही जीप ने सवारियों से भरे टेम्पो को टक्कर मार दी। हादसे में ओमप्रकाश शर्मा निवासी खंगार की मौत हो गई। वहीं ललिता पत्नी रूपेंद्र शर्मा, भंवरलाल पुत्र गणपतराम मेघवाल डाबड़ी,, मनोहरी देवी पत्नी बालूराम मेघवाल निवासी सुनारी, रूपेंद्र पुत्र कैलाश शर्मा निवासी कुचामन सिटी, निशा पुत्री रूपेंद्र शर्मा निवासी कुचामन सहित आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां उनका इलाज किया गया। वहीं मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सड़क किनारे बनी दीवार ढही, निर्माण में अनियमितता का आरोप



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र की नानुवाली बावड़ी में निर्माणाधीन सड़क किनारे बनी दिवार ढह गई। दिवार ढह जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही एवं अनियमितता के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य अभी शुरुआती चरण में ही है लेकिन इसमें कई खामियां दिखाई दे रही हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के दोनों ओर सुरक्षा एवं मजबूती के लिए दीवारें बनाई जानी थी लेकिन ठेकेदार द्वारा यह कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं जहां निर्माण कार्य किया गया है, वहां भी घटिया सामग्री उपयोग में लेने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीण संजय सैनी ने बताया कि गांव के लोगों को लंबे समय से सड़क निर्माण का इंतजार था। करीब बीस वर्षों बाद यह सड़क बजट घोषणा 2025-26 में 2.5 किलोमीटर की बनाई हुई है,, करीब दो लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य करवाया गया था लेकिन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव होने से दिवार ढह गई है। उन्होंने कहा कि यदि अभी से कार्य की निगरानी नहीं की गई तो भविष्य में सड़क जल्दी खराब हो सकती है और सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। सड़क किनारे बनाई गई दिवार में भी तय सामग्री का उपयोग नहीं किया गया, जिसके चलते पहले भी बरसात के साथ दिवार बह गई थी। दिवार के गिर जाने से बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है। सड़क से रोजाना वाहन निकलते हैं जिससे हादसे का भय बन गया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर महावीर प्रसाद, संजय सैनी, सुनील कुमार, जसवंत, भावेश, नरोत्तम, दीपू, कृष्ण कुमार, किशन, आशीष कुमार, मोतीलाल, गुलशन, अजय, आशीष, मंगलचंद आदि शामिल थे।

## पातुसरी गौशाला अध्यक्ष ने बुगाला गौशाला का किया दौरा



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पातुसरी गौशाला के अध्यक्ष शंकरलाल स्वामी ने पंडित गणेशनारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर गोशाला के विकास एवं संचालन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि गोशालाओं के समुचित विकास के लिए सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाना आवश्यक है। उन्होंने गोशाला प्रबंधन, पशुओं की देखभाल, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनसहयोग बढ़ाने के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। गोशाला के पदाधिकारियों ने भी विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए भविष्य की योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया तथा आगंतुक का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस दौरान भामाशाह शिवनारायण बुगालिया, कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह बुगालिया, कैप्टन महेश बुगालिया, महेंद्र केडिया, पुष्पेंद्र बुगालिया आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का किया स्वागत



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों से अपनी मांगों के समाधान की उम्मीद जगी तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम साथिनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री के पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचने पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने उनका आभार व्यक्त करते हुए लंबित मांगों पर सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम साथिनों ने मानदेय में वृद्धि, ग्रेच्युटी भुगतान सहित विभिन्न लंबित मांगों पर सरकार की ओर से सकारात्मक रुख अपना, जाने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार से मिले भरोसे के बाद उन्हें उम्मीद है कि उनकी मांगों पर शीघ्र ही उचित निर्णय लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम साथिनों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। सरकार उनकी मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है तथा उनके हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

महिला कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सरकार जल्द ही उनकी लंबित मांगों पर निर्णय लेकर राहत प्रदान करेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

## नूडल्स फैक्ट्री से पांच मासूमों को कराया बालश्रम से मुक्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के दौलतपुरा थाना क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नूडल्स पैकिंग फैक्ट्री से पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। दौलतपुरा थाना पुलिस और मानव तस्करी निरोधक इकाई एएचटीयू की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बच्चों को रेस्क्यू किया। मामले में फैक्ट्री संचालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर दौलतपुरा थाना पुलिस और एएचटीयू की संयुक्त टीम ने हरे कृष्णा होटल के पीछे स्थित केजुंड एंटरप्राइजेज पर दबिश दी। थानाधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में पांच बाल श्रमिक नेचुयर नूडल्स ब्रांड के नूडल्स की पैकिंग करते मिले। मौके से बच्चों द्वारा पैक किए गए पांच पैकेट भी जब्त किए गए। जिन पर कंपनी का नाम तथा वीकेआई औद्योगिक क्षेत्र जयपुर का पता अंकित था। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गांधी नगर स्थित बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया गया। समिति के निर्देश पर बच्चों को संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए अधिकृत संस्था को सौंप दिया गया। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक मनीष अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।उन्होंने बताया कि जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि फैक्ट्री में कब से बाल श्रमिकों से काम कराया जा रहा था।

# विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने अंगदान महादान के पावन संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर लोगों को अंगदान के महत्व से अवगत कराया तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका एवं प्राचार्य महेश कुमावत ने नर्सिंग परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया जहां से 150 विद्यार्थी विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आमजन को जागरूक करते रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने अंगदान-महादान, मृत्यु के बाद भी जीवन दें एक अंगदान, अनेक जीवनदान जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। रैली में नर्सिंग कॉलेज के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानव सेवा के इस महान कार्य के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

# राजधानी जयपुर में दो माह के लिए बीएनएसएस धारा 163 लागू

## किराएदार सत्यापन से लेकर पब और बुलेट साइलेंसर पर सख्ती

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में कानून-व्यवस्था, लोक-प्रशांति और नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्तालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस-2023 की धारा 163 के तहत सात निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव पचार द्वारा जारी आदेश 1 अगस्त से 29 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### किराएदार और घरेलू कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य

पुलिस ने मकान मालिकों और संस्थानों को बिना पहचान पत्र और पुलिस सत्यापन के किसी भी किराएदार, घरेलू नौकर, ड्राइवर, चौकीदार, सेल्समैन या निजी कर्मचारी को रखने पर रोक लगाई है। नियुक्ति या किराए पर रखने के 15 दिन के भीतर संबंधित व्यक्ति का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

### होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं में ई-विजिटर्स पोर्टल जरूरी

शहर के होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, धर्मशाला और सराय संचालकों को बिना फोटोयुक्त पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं। ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, पता और मोबाइल नंबर ई-विजिटर्स पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा।

### पब, बार और नाइट क्लबों पर सख्ती

रेस्टोरेंट, पब, बार, डिस्कोथेक, नाइट क्लब और फार्म हाउस में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों तथा हुक्का पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। रात 10 बजे के बाद डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी, जबकि रात 12 बजे के बाद शराब की बिक्री नहीं की जा सकेगी।

### फर्जी सिम बिक्री रोकने के लिए नए नियम

मोबाइल सिम विक्रेताओं को ग्राहकों की वैध पहचान, फोटो और चेहरे का मिलान किए बिना सिम जारी नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक माह बिक्री का रिकॉर्ड पुलिस की निर्धारित ई-मेल आईडी पर भेजना होगा तथा सभी दस्तावेज पांच वर्ष तक सुरक्षित रखने होंगे।

### मॉडिफाइड साइलेंसर और फैंसी नंबर प्लेट पर रोक

पटाखों जैसी आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले गैराज संचालकों और मैकेनिकों पर कार्रवाई होगी। परिवहन विभाग के मानकों के विपरीत फैंसी या डिजाइनदार नंबर प्लेट लगाने पर भी रोक रहेगी। बिना आरसी सत्यापन के नंबर प्लेट तैयार नहीं की जा सकेगी।

### सेकंड हैंड वाहन कारोबारियों के लिए सीसीटीवी अनिवार्य

पुराने वाहनों के डीलर, एजेंट और कबाड़ी को प्रत्येक वाहन के क्रेता-विक्रेता का पूरा रिकॉर्ड, फोटो तथा फॉर्म-29 और 30 सुरक्षित रखने होंगे। परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाना और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखना भी अनिवार्य किया गया है।

### साइलेंट जोन में प्रेशर हॉर्न और पटाखों पर प्रतिबंध

राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के बाद राज्यपाल निवास के पीछे का गार्डन, संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल, मानसरोवर नगर निगम कार्यालय, साइंस पार्क, राजापार्क, छोटी चौपड़, रीको विश्वकर्मा और सीतापुरा सहित आठ संवेदनशील क्षेत्रों में प्रेशर हॉर्न, लाउडस्पीकर, तेज संगीत, पटाखे और भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को ध्वनि निरोधी व्यवस्था अपनानी होगी।

### बैंक, स्कूल, मॉल सहित सार्वजनिक संस्थानों में सीसीटीवी अनिवार्य

बैंक, एटीएमए ज्वेलरी शोरूम, पेट्रोल पंप, मॉल, सिनेमा हॉल, स्कूल, कोचिंग संस्थान, मल्टीस्टोरी सोसायटी और शराब की दुकानों में कम से कम 30 दिन की रिकॉर्डिंग क्षमता वाले नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगाना और उन्हें चालू रखना अनिवार्य होगा। पुलिस की मांग पर संबंधित फुटेज तत्काल उपलब्ध करानी होगी।

पुलिस आयुक्तालय का कहना है कि इन आदेशों का उद्देश्य अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## सम्पादकीय

# बेरोजगारों को संबल

देश में युवा मन के सपनों और भविष्य की चिंताओं के मद्देनजर हरियाणा सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। कहीं न कहीं दिल्ली समेत देश के अन्य राज्यों में हुए छात्र आंदोलन के बाद आज युवा सरकार की नीतियों के केंद्र में हैं। इसी कड़ी में हरियाणा की नायब सरकार ने सीईटी पास युवाओं की सुध ली है। जाहिर है सभी सीईटी पास युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाता। कई युवा परीक्षा पास करने के बाद भी वर्षों तक बेरोजगार बने रहते हैं।

एक्शन में आई हरियाणा सरकार ने ऐसे पांच लाख चालीस हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं की पहचान की है, जिन्हें परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद रोजगार नहीं मिला। इसके बाद 'विकसित भारत विजन 2047' के तहत रोजगार, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग तथा हरियाणा कौशल विकास मिशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस बात पर बल दिया कि कौशल विकास योजनाओं को सिर्फ प्रशिक्षण तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें सीधे रोजगार से भी जोड़ा जाए। सरकार ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी सीईटी पास युवाओं को प्रति माह सौ घंटे का काम उपलब्ध कराने की घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर यदि उन्हें दो साल तक रोजगार नहीं मिलता, तो सक्षम युवा योजना के तहत भत्ता दिया जाएगा। निश्चित रूप से सभी बेरोजगारों को काम व भत्ता देना व्यावहारिक भले नहीं लगे, लेकिन बेरोजगारों की बड़ी संख्या को फौरी तौर पर संबल जरूर मिलेगा। दरअसल, विगत में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2016 में युवाओं के लिए एक ऐसी ही योजना लाई गई थी, जिसमें सालाना 1 लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवार के युवाओं को 9 हजार का मासिक भत्ता देने की बात कही गई थी। वहीं, महीने में निर्धारित समय तक काम देने के भी प्रयास हुए थे। लेकिन वास्तव में ऐसी आदर्श योजना के क्रियान्वयन में व्यावहारिक दिक्कतों को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

विगत में हरियाणा के युवाओं को प्रकृति से जोड़ने व रोजगार के अवसर मुहैया कराने के अभिनव प्रयास भी मनोहर लाल सरकार के दौरान हुए थे, जिसमें बेरोजगार युवाओं को पौधा लगाने का दायित्व दिया गया था। इसमें गड्ढे खोदने, पौधे लगाने और उनकी निरंतर देखभाल करने के लिए मानदेय निर्धारित किया गया था। उद्देश्य था कि जो पौधे लगें, वे जीवित भी रहें और युवा प्रकृति से जुड़ें। नायब सरकार की नई मुहिम इसी कड़ी का विस्तार माना जा सकता है। वहीं दूसरी ओर, नायब सरकार समय की जरूरतों के हिसाब से शिक्षा देने के प्रयासों में गंभीर नजर आती है। इसी कड़ी में एआई प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है। सरकार पंचकूला व गुरुग्राम में एआई हब विकसित करने जा रही है, जिसके अंतर्गत दो लाख युवाओं को हाई-स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अंतर्गत एआई, रोबोटिक्स और ड्रोन तकनीक का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए अतिरिक्त बजट का भी प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं, मॉडल आईटीआई और पॉलिटेक्निक में एआई प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है, वहीं सामान्य स्कूलों व कॉलेजों में इस बात पर बल दिया जा रहा है कि छात्र व छात्राओं को व्यवसायपरक शिक्षा दी जाए, जिससे युवा सिर्फ नौकरियों के भरोसे न बैठे रहें और खुद का काम-धंधा शुरू कर सकें। विडंबना यह है कि 21वीं सदी में भी भारतीय युवा सरकारी नौकरी के सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पा रहा है। बढ़ती आबादी और घटती सरकारी नौकरियों ने इस संकट को बढ़ाया है।

## विशेष आलेख

# आंदोलन ने दिया मीडिया को आत्ममंथन का मौका



जंतर-मंतर का ही यह दृश्य हमें सोचने की सामग्री दे सकता हैङ्क एक यू-ट्यूबर पत्रकार की जय के नारे लगा रहे थे, उसकी निष्पक्ष और साहसिक रिपोर्टिंग के लिए! ऐसे बहुत से पत्रकार हैं जो मीडिया की विश्वसनीयता को बचाने की कोशिश में लगे हैं। उनका अभिनंदन होना चाहिए।

राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर विद्यार्थियों-युवाओं का आंदोलन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के साथ भले ही समाप्त हो गया हो, पर उसकी गूंज एक लम्बे अर्से तक सुनाई देगी। इन तीस-पैंतीस दिनों के आंदोलन के दौरान बहुत कुछ ऐसा हुआ है जो अर्से तक याद रखा जायेगा। इस बहुत कुछ में युवाओं द्वारा 'गोदी मीडिया' के विरुद्ध लगाये गये नारे भी हैं जिन पर स्वयं मीडिया वालों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। जिस तरह मुख्यधारा के कुछ समाचार चैनलों के खिलाफ प्रदर्शनकारी आवाज़ उठा रहे थे वह अपने आप में मीडिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान कुछ मीडिया कर्मियों पर जिस तरह के हमले हुए, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। युवाओं को पूरा हक है कि वे मीडिया के प्रति अपने असंतोष का इज़हार करें, उनका गुस्सा भी जायज हो सकता है, पर पत्रकारों पर शारीरिक हमले का समर्थन नहीं किया जा सकता। यह सब कहने के बाद एक सवाल जो पूरी गंभीरता के साथ उठता है वह मीडिया की छवि का है। 'गोदी मीडिया' के नाम से मीडिया के जिस वर्ग को आज देश में जाना जा रहा है, वह कुल मिलाकर सरकार-समर्थक वर्ग ही है। सरकार की कमियों और अच्छाइयों दोनों को सामने लाना पत्रकारिता का काम है।

जनतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका बहुत स्पष्ट हैङ्कयह भूमिका ईमानदार पहरेदारी की है। जनतंत्र का चौथा स्तंभ है यह पहरेदार और इस स्तंभ की सबसे बड़ी ताकत इसकी विश्वसनीयता है। समाज पत्रकार से यह अपेक्षा करता है कि वह जो देख-समझ रहा है उसे ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ समाज के सामने रखेगा। यही उसकी निष्पक्षता का मानदण्ड है। था एक ज़माना जब अखबार में लिखे शब्द पर पाठक लगभग अंधविश्वास करता था। यह अंधविश्वास भी ठीक नहीं कहा जा सकता, पर इतना तो कहना पड़ेगा कि यह विश्वास पत्रकारिता की सबसे कीमती पूंजी और सबसे बड़ी ताकत है। यह ताकत कमज़ोर पड़ती दिखने लगी है! आवश्यकता यह समझने की है कि यह स्थिति कैसे आयी? आज़ादी प्राप्त करने से पहले तक हमारे देश की पत्रकारिता का इतिहास कुल मिला कर समाज-सेवा का ही था। विशेषकर भाषाई पत्रकारिता का इतिहास। देश के पहले हिंदी अखबार का तो ध्येय वाक्य ही 'हिंदी जन के हेत' यानी 'हिंदुस्तानियों के हित के लिए' था। एक मिशन थी पत्रकारिता। यह स्थिति एक अर्से तक बनी रही, पर धीरे-धीरे सेवा की जगह सत्ता हमारी पत्रकारिता पर हावी होती गयी। जंतर-मंतर पर युवा प्रदर्शनकारियों ने जिस पत्रकारिता पर हमला किया था वह सत्ता वाली पत्रकारिता ही है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज देश की पत्रकारिता के एक बड़े वर्ग पर 'आंख मूंद कर सरकार-परस्ती' का आरोप लग रहा है। खुलेआम कहा जा रहा है कि देश के मीडिया का एक बड़ा वर्ग जैसे सरकार की गोद में जाकर बैठ गया है। इसी पक्षधरता का एक उदाहरण यह है कि युवाओं के इस आंदोलन के शुरुआती दौर में कई दिन तक हमारे समाचार चैनलों में कॉकरोच जनता पार्टी की गतिविधियां रहस्यमय ढंग से गायब ही रही थीं। अखबारों में भी इससे सम्बंधित समाचार मुख्यत~ भीतर के पन्नों पर ही जगह पाते थे। बाद के दिनों में जब युवाओं का यह आंदोलन लगातार व्यापक होने लगा तो किसी के लिए इसकी अनदेखी करना संभव नहीं रह गया था। तब शायद पहली बार मुख्यधारा के समाचार चैनलों के प्रतिनिधि 'कॉकरोच-आंदोलन' की ज़मीनी रिपोर्टिंग के लिए पहुंचे थेङ्क और तब शायद पहली बार 'गोदी मीडिया' पर युवाओं का गुस्सा इतना प्रखर होकर सामने आया था।

हमेशा से पत्रकारिता की इज्जत रही है समाज में। मीडियाकर्मियों को अधिकांशत~ आदर की दृष्टि से ही देखा जाता रहा है। आज जबकि पत्रकारिता मिशन की जगह व्यवसाय मात्र बन कर रह गयी है, अखबार को साबुन की टिकिया की तरह बेचा जा रहा है और देश का सबसे बड़ा 'मीडिया घराना' खुलेआम यह कहता दिखता है कि 'हम विज्ञापन का व्यापार करते हैं' तो समाज से यह अपेक्षा करना कि वह मीडिया की भूमिका को अतिरिक्त आदर के भाव से देखेगा, स्थिति को न समझने का उदाहरण ही माना जायेगा। और यदि पत्रकारिता एक विशिष्ट पेशा है तो मीडिया से यह आशा करना गलत नहीं होगा कि वह अपनी विशिष्टता की रक्षा के प्रति सावधान रहे। दुर्भाग्य से ऐसा होता दिख नहीं रहा। इसका ही परिणाम है कि आज हमारा मीडिया विश्वसनीयता के एक गहरे संकट से गुज़र रहा है। इस संकट के तीन बड़े कारण हैं व्यावसायिक दबाव, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सनसनीपरकता। इसके साथ ही 'सबसे पहले और सबसे आगे' का लालच भी मीडिया की विश्वसनीयता को कम कर रहा है।

घटती विश्वसनीयता का यह संकट लगातार गहराता जा रहा है। इसके कारण कुछ भी रहे हों, पर यह स्पष्ट है कि मीडिया से जनता का भरोसा लगातार कम होता जा रहा है। पता लगायेंगे तो आपको ऐसे बहुत से पाठक और बहुत से दर्शक मिल जायेंगे जिन्होंने अखबार पढ़ना छोड़ दिया है अथवा टी.वी. पर समाचार देखना बंद कर दिया है। 'राइटर्स इंस्टीट्यूट डिजिटल न्यूज़ रिपोर्ट' के वैश्विक सर्वेक्षण के अनुसार पिछले एक दशक में अखबारों, रेडियो और टेलिविजन समाचारों को पढ़ने-देखने में दो अंकों की गिरावट आयी है। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि यह केवल नये लोगों द्वारा मीडियम न अपनाने के कारण नहीं है, बल्कि पुराने पाठक-दर्शक भी अब परम्परागत मीडिया से दूर होते जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण विश्वसनीयता का घटना है।

ऐसा नहीं है कि जनता की समाचारों में रुचि नहीं रही। जानना चाहते हैं लोग, पर अब उन्हें यह भी समझ आ रहा है कि मुख्यधारा का मीडिया अब अपने पाठकों-दर्शकों के बजाए अपने मालिकों के हितों के प्रति ज़्यादा उदार है। ये मालिक सत्ता के पक्ष में खड़े रहने में अपना अधिक लाभ देखते हैं। आज सरकारें मीडिया को जितना लाभ दे रही हैं, वह हैरान कर देने वाला है। टी.वी. चैनलों पर सरकारी विज्ञापनों की भरमार देखकर यह बात सहज ही समझ आ जाती है कि हमारा मीडिया क्यों सरकारों से डरा-डरा रहता है। भारत सरकार ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया था कि 2014 से 2022 के बीच 6491 करोड़ रुपये विज्ञापनों पर खर्च किये गये। एक निजी चैनल को, जो स्वयं को सर्वश्रेष्ठ चैनल बताता है, 15 अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के बीच दस करोड़ चौदह लाख रुपये के विज्ञापन दिये थे। ये आंकड़े चार-पांच साल पुराने हैं, पर बहुत कुछ बता रहे हैं। कल्पना की जा सकती है कि एक महीने में सरकार से करोड़ों रुपये पाने वाला समाचार चैनल क्यों सरकार को नाराज़ करना चाहेगा?

समाचार चैनलों की यह सरकारपरस्ती उनकी विश्वसनीयता को घटाने का एक बड़ा कारण है। शायद सबसे बड़ा। जंतर-मंतर में 'गोदी मीडिया' (समाचार चैनल) पर प्रदर्शनकारियों का गुस्सा शायद इसीलिए फूटा था। जानकारी तो चाहिए जनता को, पर अब वह गलत और भ्रामक जानकारी को स्वीकार करने के मूड में नहीं है।

## आज का राशिफल

### मेष
जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

### वृष
नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

### मिथुन
यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा।

### कर्क
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

### सिंह
प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

### कन्या
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

### तुला
ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

### वृश्चिक
नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

### धनु
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है।

### मकर
पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

### कुंभ
पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है।

### मीन
पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# पेट में दर्द और जलन को कम करने के लिए यह घरेलू उपाय

आजकल की लाइफस्टाइल में लोगों के पास खाने-पीने का पर्याप्त समय नहीं है। लोगों को जब भी वक्त मिलता है वो जंक फूड्स या कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं। पिज्जा, बर्गर, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने की वजह से ज्यादातर लोगों को पेट दर्द, गैस, लूज मोशन जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। पेट में दर्द और जलन की समस्याओं से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की दवाओं को मेडिकल ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं।

**गुड़ का सेवन करें :** अगर आपको खाना खाने के बाद पाचन संबंधी समस्याएं हो रही हैं, तो आप नियमित तौर पर गुड़ का सेवन करें। गुड़ में आयरन और क्लोरीन भरपूर मात्रा में होते हैं इसके अलावा इसमें कई प्रकार के विटामिंस और मिनरल्स भी पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया को सुधारने का काम करता है। पेट में जलन, गैस और दर्द जैसी समस्याओं में गुड़ का सेवन करते समय इसे चबाकर न खाएं बल्कि इसे टॉफी की तरह चूसते रहें।





**एलोवेरा जूस :** पेट में जलन, कब्ज, उल्टी और पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में एलोवेरा जूस सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। एलोवेरा जूस विटामिन बी, सी, ई, फोलिक एसिड, कैल्शियम, कॉपर, सोडियम, सेलेनियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। नियमित तौर पर एलोवेरा जूस का सेवन करने से आंत में पानी का स्तर बढ़ता है जिससे पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। आप खाना खाने के बाद या सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस का सेवन कर सकते हैं।

**सौंफ का पानी :** सौंफ का पानी पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। खाना खाने के बाद जिन लोगों पचाने में परेशानी और पेट में दर्द जैसी समस्या होती है उन्हें नियमित तौर पर सौंफ का पानी की सलाह दी जाती है। सौंफ का पानी बनाने के लिए 2 से 3 चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसमें एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिलाएं। पेट में जलन और दर्द की समस्या से निजात पाने के लिए आप सुबह खाली पेट सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं।

**पुदीने का पानी :** पुदीने को सेहत का खजाना माना जाता है। पुदीने में मौजूद मेन्थॉल आंतों में मांसपेशियों की ऐंठन को कम करके पेट में दर्द, सूजन, कब्ज जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं। पेट में जलन और दर्द जैसी प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए पुदीने के पानी का सेवन करना अच्छा माना जाता है।नियमित तौर पर आप सुबह खाली पेट पुदीने के पानी का सेवन कर सकते हैं।

# हार्ट फेलियर से पहले शरीर में दिखते हैं यह संकेत, न करें नजरअंदाज

हार्ट फेलियर दिल से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। इसे कंजेस्टिव हार्ट फेलियर भी कहा जाता है। हार्ट फेलियर की समस्या तब होती है, जब हमारा दिल मांसपेशियां को जरूरत के अनुसार रक्त पंप नहीं करती हैं। इस स्थिति में रक्तवापस हृदय में आने लगता है। जो फेफड़ों में तरल पदार्थों के निर्माण का कारण बनता है और सांस लेने में दिक्कत होती है। अगर कोई व्यक्तिपहले से किसी हृदय संबंधी रोग से जूझ रहा है जैसे कोरोनरी धमनी रोग या हाई बीपी, तो इससे हार्ट फेलियर का जोखिम अधिक बढ़ जाता है। क्योंकि ऐसे में हमारा दिल धीरे-धीरे बहुत कमजोर होने लगता है या रक्त को ठीक से पंप नहीं कर पाता है। जिससे हार्ट फेलियर की समस्या होती है। इसके कारण हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ता है साथ ही व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। इसलिए आपको अपने हृदय का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है।

### हार्ट फेलियर के शुरुआती संकेत और लक्षण

- अगर यह हार्ट अटैक के कारण होता है तो आपको सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है।
- किसी शारीरिक गतिविधि या लेटने के दौरान सांस लेने में दिक्कत महसूस होना।
- बहुत अधिक थकान या शरीर में कमजोरी महसूस होना।
- ठीक से एक्सरसाइज न कर पाना, जल्दी थक जाना या क्षमता में कमी महसूस होना।
- खांसी के दौरान सफेद या गुलाबी, लाल आना और घरघराहट होना।
- पैर, टखनों और पैरों के तलवों में सूजन का होना।
- मतली-जी मिचलाना का अनुभव होना और भूख में कमी आना।
- किसी चीज पर ठीक से फोकस न कर पाना या सतर्कता में कमी।

# आंखों में सूजन, चुभन-पानी आना जैसी प्रॉब्लम का तोड़ हैं यह फूड

अखबार में छोटे-छोटे अक्षर पढ़ने के लिए आंखों पर जोर देना पड़ रहा हैं? क्या आपको लगता है कि आपकी आंखें धुंधली हो गई हैं और दृष्टि खराब हो गई है? तो वक्त आ चुका है आप इसका चेकअप कराएं। आंखों में किसी भी तरह की होने वाली परेशानी को नंजरअंदाज करना आपको हमेशा के लिए अंधा कर सकता है। ऐसे में आंखों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आयुर्वेद एक्सपर्ट के सुझाए टिप्स भी आपके बहुत काम आ सकते हैं। लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करना, स्क्रीन का बढ़ता उपयोग, खराब आहार आपकी नजर को खराब तरीके से प्रभावित कर रहा है। उम्र के साथ दृष्टि का कमजोर होना आम बात है। लेकिन आज के समय में छोटे उम्र ही लोगों को मोटे-मोटे चश्मे लग जाते हैं। वहीं, अधिकांश वयस्कों में 30 या 40 के दशक के मध्य में दृष्टि संबंधी समस्याएं होना बहुत आम बात हो गयी है। महामारी के दौरान डिजिटल स्क्रीन और गिज़्मोस पर अत्यधिक निर्भरता ने समस्याओं को और भी बदतर बना दिया है। आंखों की परेशानी के चेतावनी संकेत के रूप में धुंधली दृष्टि, आंखों पर धब्बे, रात में चकाचौंध, चमकती रोशनी, चुभन, आंखों से पानी आना, दर्द पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ये आंखों की आम शिकायतें हैं। जो बीमारी का प्रारंभिक संकेत हो सकता है। हालांकि अपनी आंखों की देखभाल करना और नियमित रूप से आंखों की जांच के लिए जाना महत्वपूर्ण है। लेकिन हम आपको आंखों की रोशनी में सुधार और सुरक्षा के कुछ सुरक्षित और प्रभावी प्राकृतिक तरीके बता रहें हैं।



**त्रिफला :** त्रिफला आंखों के लिए दवा का काम करता है। यहां तक की मोतियाबिंद के जोखिम को भी कम करने का काम करता है। ऐसे में आयुर्वेद एक्सपर्ट त्रिफला चूर्ण को घी और शहद में समान मात्रा में मिलाकर रात के समय सेवन करने की सलाह देती हैं। साथ ही यह भी बताती हैं कि त्रिफला चूर्ण का सेवन कभी भी लंबे समय तक नहीं करना चाहिए।

**आंवला :** आंवला का सेवन कंजेक्टिवाइटिस और ग्लूकोमा जैसी आंखों के रोगों में राहत पहुंचाने का काम करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी रेटिना की कोशिकाओं को बनाए रखने और स्वस्थ केशिकाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खासकर डायबिटिक रेटिनोपैथी की स्थिति में।

**किशमिश :** किशमिश में मौजूद पॉलीफेनोलिक फाइटोन्यूट्रिएंट्स मुक्त रेडिकल्स से छुटकारा पाने में मदद करते हैं जो दृष्टि को नुकसान पहुंचाते हैं और आंखों की मांसपेशियों के पतन का कारण बनते हैं। ऐसे में किशमशि का सेवन आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**शहद :** एक्सपर्ट का बताती हैं कि यदि आपको आंखों से संबंधित किसी तरह की कोई परेशानी है तो शहद आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। अच्छा शहद गुणवत्ता में चक्षुष्य है यानी यह आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है।

**घी :** घी में विटामिन-ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसकी कमी आंखों की रोशनी प्रभावित करती है। ऐसे में घी का इसकी कमी को पूरा करने का काम करता है। आपकी आंखों के हेल्थ को बनाए रखने में कारगर साबित होता है। आयुर्वेद में आंखों के स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कई औषधीय घी हैं।

## राजकीय महाविद्यालय में ऑफलाइन प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्रीमती मोहनी देवी चाचान राजकीय महाविद्यालय, साहवा द्वारा स्नातक बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश आवेदन नहीं किया है, वे अब ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा करने एवं प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अगस्त 2026 कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेज़, जिनमें 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, आधार कार्ड, मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मूल चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे 10 अगस्त तक अपना आवेदन एवं प्रवेश शुल्क अनिवार्य रूप से जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें तथा अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें।

## आज होगी पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल शनिवार, 1 अगस्त को पुलिस थाना मुहाना में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान मानसरोवर सर्किल के मुहाना, शिप्रा पथ, मानसरोवर, पत्रकार कॉलोनी और नारायण विहार थाना क्षेत्रों के परिवादियों की शिकायतें सुनी जाएंगी। पुलिस प्रशासन के अनुसार जनसुनवाई का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करना तथा पुलिस-जन संवाद को और अधिक प्रभावी बनाना है। उल्लेखनीय है कि जयपुर पुलिस कमिश्नर मित्तल द्वारा पूर्व में एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, बस्सी, शिवदासपुरा, चौमू, आमेर, रामगंज, चित्रकूट, मालवीय नगर, करधनी, प्रताप नगर एवं जामडोली में भी जनसुनवाई आयोजित कर आमजन को राहत प्रदान की जा चुकी है।

## 27 दिसंबर को गूंजेंगे बाबा श्याम के भजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर की वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में आगामी वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से 27 दिसंबर 2026 को टैगोर इंटरनेशनल स्कूल परिसर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में बाबा श्याम की भव्य एवं दिव्य भजन संध्या आयोजित करने का निर्णय किया गया। बैठक में सुधीर सिंगल को सर्वसम्मति से संस्था का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहींए गत वर्ष भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई.ए. एंड ए.एस. अधिकारी गोपाल लाल गुर्जर को संस्था का संरक्षक नियुक्त किए जाने की जानकारी दी गई। अब संस्था को दो संरक्षकों-गोपाल लाल गुर्जर तथा भारतीय रिजर्व बैंक से महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त भवानी शंकर खत्रीकृका मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में वार्षिकोत्सव को सरल, गरिमामय और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित करने पर सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि आयोजन कम से कम खर्च में किया जाएगा तथा ऐसे भजनों का चयन होगा जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सुकून प्रदान करें। इसके साथ ही समाज कल्याण से जुड़े नए कार्यों की रूपरेखा तैयार करने पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में अंतिम निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न तैयारियों की जिम्मेदारियां भी तय की गईं।

## अनधिकृत निर्माण करने वालों पर सख्ती : नगर निगम ने चार परिसरों पर लगाए ताले

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर के किशनपोल जोन ने शुक्रवार को अवैध एवं बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार निर्माणाधीन भवनों को सीज कर दिया। कार्रवाई जोन उपायुक्त पवन मीणा के नेतृत्व में किशनपोल जोन और सतर्कता शाखा की संयुक्त टीम ने की। जोन उपायुक्त पवन मीणा ने बताया कि बिना स्वीकृति भवन निर्माण एवं भवन उपविधियों बायलॉज के उल्लंघन की शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एचएआर कॉलोनी, चार दरवाजा स्थित मकान संख्या 48 और 46 पर किए जा रहे अवैध निर्माण के चलते दोनों भवनों को पूर्ण रूप से सीज किया गया।

इसके अलावा चौड़ा रास्ता स्थित नमकीन वालों की गली में मकान संख्या 318-320 पर बिना स्वीकृति बनाए जा रहे तहखाने को सीज किया गया। वहीं मेन जालूपुरा रोड पर सोनू मालवान जनरल स्टोर के सामने स्थित सी-4 परिसर में बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण पर तीन दुकानों एवं नव निर्माणाधीन परिसर को सीज करने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने आमजन से अपील की है कि भवन निर्माण शुरू करने से पहले संबंधित विभाग से आवश्यक स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करें, ताकि शहर का सुनियोजित एवं सुरक्षित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## युवा संवाद कार्यक्रम आज

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा की ओर से शनिवार को सुबह सवा 11 बजे कस्बे की कुलड़िया कॉलोनी में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री पराक्रम राठौड़ युवाओं व लोगों से संवाद करेंगे।

## बदलाव संकल्प रैली आज

**तारानगर ( नवयत्न )।** युवादल की ओर से शनिवार को शाम 4 बजे कस्बे में बदलाव संकल्प रैली का आयोजन किया जाएगा। युवादल के मुकेश फगेड़िया ने बताया कि रैली नगरपालिका से शुरू होकर तहसील कार्यालय तक निकाली जाएगी। रैली में अनेक युवा तथा कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय जय निवास पर पंचायत राज चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन शनिवार को दोपहर में किया जायेगा। कांग्रेस नेता विद्याधर बेनीवाल ने बताया कि देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता इस बैठक में भाग लेंगे। बैठक में विधायक और चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज मेघवाल की मौजूदगी में आगामी पंचायत राज के चुनाव, मतदाता सूची, संगठन की आगामी रणनीति, संगठनात्मक गतिविधियों तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में ब्लाक कार्यकारिणी के सभी सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष भाग लेंगे।

# हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभिया के तहत किया पौधरोपण

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हंसासर में हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया । प्रधानाचार्य चंदनमल पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पधारे हुए मेहमानों ने पौधारोपण किया । पालीवाल ने बताया की जैन सोसायटी ट्रस्ट नोखा की ओर से विद्यालय में विभिन्न किस्म के लगभग 1000 पौधे भेंट किए गए।

जैन सोसायटी ट्रस्ट नोखा के अध्यक्ष सीकर चंद पींचा, महांमत्री डॉ महेन्द्र संचेती, निर्वतमान अध्यक्ष राजेंद्र बांठिया, कोषाध्यक्ष भंवर लाल पींचा, कन्हैया लाल सुराणा, दीपचंद लुणावत, अशोक बैद, मनोज डागा सहित ट्रस्ट के सभी सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे ।उनके हाथों से विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए तथा सभी विद्यार्थियों को उनके घर पर लगाने हेतु पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षाविद और समाजसेवी महेंद्र संचेती ने उद्बोधन देते हुए बताया कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उनका संतान की भांति पालन पोषण करना चाहिए । साथ ही उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में तथा चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा और सहयोग के लिए उनका ट्रस्ट हमेशा तैयार रहता है। कार्यक्रम को भामाशाह सीकर चंद पिंचा ने भी संबोधित करते हुए बताया कि यह बहुत ही पुनीत कार्य है जिसको करने का उनके ट्रस्ट को सौभाग्य मिला है। साथ ही उन्होंने विद्यालय को अन्य जरूरत की सामग्री देने का आश्वासन किया एवं दो दो बड़ी जाजम देने की घोषणा की । समारोह को संबोधित करते हुए भामाशाह और समाजसेवी करनाराम कुमावत ने आगंतुक मेहमानों का स्वागत करते हुए अधिक से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया । उन्होंने बताया की वर्तमान प्रिंसिपल पालीवाल जी के नेतृत्व में विद्यालय बहुत उन्नति कर रहा है। उनका भी सम्मान होना चाहिए । तब उपस्थित मेहमानों ने प्रधानाचार्य पालीवाल का मालाओं द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन टी आर बारूपाल ने और भामाशाह को प्रेरित करने का कार्य स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता हरिश्चंद्र बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर गुमाना राम, कानीराम, रणजीत सिंह, वंदना मीणा, मीनू बाजिया, सुमन सिंह गुर्जर, संजू जोशी सहित पूरा स्टाफ एवं स्थानीय भामाशाह विशालाराम सुथार, राजूराम सुथार, मगेज सिंह राठौड़, चाँद सिंह राठौड़, अर्जुनसिंहराठौड़,पेंप सिंह राठौड़, भाजपा पांचू मंडल अध्यक्ष करनाराम कुमावत, सरपंच प्रतिनिधि बंसीलाल रंगा सहित कई ग्राम वासी मौजूद थे।

# सच्चा जनसेवक वही जो प्यासे को पानी पिलाये : जाखल

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के नगरपालिका के पास स्थित पार्क में शुक्रवार को शहरी सेवा शिविर अभियान 2026 फॉलोअप शिविर के अंतर्गत नवीन पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। ईओ लोकेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व चेयरमैन जुगल किशोर सैनी, पूर्व चेयरमैन शोएब खत्री, सलीम जिंदरान, भाजपा जिलामंत्री मंजू सैनी, शहर मंडल अध्यक्ष गौतम खंडेलवाल, भाजपा नेता महेश चौधुरी, पार्षद सविता चोटिया बतौर मंचस्थ अतिथि थे। नगरपालिका के पार्षदों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर विधायक विक्रम सिंह जाखल का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान को 31 लोगों स्टेट ग्रांट, 69 क व कृषि भूमि नियमन के पट्टे, 05 लाभार्थियों को निर्माण स्वीकृति, 04 लाभार्थियों को नामान्तरण आदेश वितरित किये गये। वही प्रधामनंत्री स्वनिधि योजना के तहत 12 व्यक्तियों को प्रत्येक को 15000 रुपये ऋण के चेक वितरित किये गए। वही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 17 लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक भी वितरित किये गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक जाखल ने कहा कि नवलगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। वही कहा कि सच्चा जनसवेक वही है जो प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाये। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जनता को पानी पिलाने का काम किया है। इसलिए लोग भजनलाल शर्मा के नाम के आगे भगीरथ कहने लग गये है। वही विधायक ने कहा कि अमृत जल योजना के तहत नवलगढ़ में 16 किलोमीटर तक पानी की पाइप लाइन डलेगी वही बड़ी टंकियो का कार्य निर्माण धीन है। 3 अगस्त को एक साथ में 8 ट्यूबवेलों के कार्य का शुभारम्भ होगा और उसके बाद में वार्ड एक में भी एक साथ में 5 टयूबवेलों का शुभारम्भ होगा। उसके बाद नवलगढ़ में पीने के पानी की समस्या से निजात मिलेगी। ललित शर्मा ने कार्यक्रम स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सामरा ने किया। इस दौरान हितेश थोरी, सुनील सामरा, जयंती बील, सविता चोटिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, बसपा नेता गुलाब नबी आजाद, चंद्रशेखर मिश्रा, माजिद चौहान, बाबूलाल वर्मा, एडवोकेट श्रीकांत मुरारका, लक्ष्मीकांत डोकवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शब्द प्रकाश बियान, भाजपा नेता महेश चौधुरी,, सुनील सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजुद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय प्रतिभावान विद्यार्थी एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के मुख्य ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय विद्यार्थी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता सीबीईओ रामचंद्र बुनकर ने की। बीरबल सिंह गोदारा, सुरेन्द्र सिंगोदिया, जयन्ति बील, सुनील सामरा, रामनिवास डूडी, घूमचक्कर व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश जांगिड़, सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मक्खन लाल सैनी, एडवोकेट श्रीकांत मुरारका, एडवोकेट बाबूलाल वर्मा,, जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष गौतम खण्डेलवाल, प्रिंसिपल शिवनाथ कालेर, पूर्व बीईओ नेकीराम राम पूनिया, पूर्व बैंक मैनेजर ओमप्रकाश ढाका बतौर मंचस्थ अतिथि थे। शिक्षा विभाग नवलगढ़ ने साफा व पुष्प माला पहनाकर विधायक विक्रम सिंह जाखल का स्वागत किया। वहीं इस दौरान मंचस्थ अतिथियों का भी पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले, बोर्ड कक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लगाया गया धन कभी व्यर्थ नहीं जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होगा तो हमारी आने वाली पीढ़ी में सुधार होगा। विद्यार्थियों और शिक्षकों सम्मान करने से उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है और बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट भी अच्छा आता है। हम सबको शिक्षकों और गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए। गुरु ही अज्ञान से ज्ञान के मार्ग की ओर ले जाता है। शिक्षकों का शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्टता के क्षेत्र में उनका योगदान नवलगढ़ ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण शेखावाटी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान श्यामसुंदर सैनी, एसीबीईओ नंदलाल सैनी, आरपी दिनेश कुमार, भरत मुरारका, डॉ रामोतार सबलानिया, सुरेन्द्र पारीक, आशा टांक, करणी सिंह गिरावाड़ी, किशन सिंह गुर्जर, नरेंद्र पुनिया, भानुप्रकाश छापोला सहित कई लोग मौजूद रहे। सीबीईओ रामचंद्र बुनकर ने स्वागत भाषण दिया।

# फर्जी ताइक्कांडो सर्टिफिकेट मामले में पूर्व अकादमी संचालक गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वर्ष 2021-22 की तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल-1 में खेल कोटे के तहत फर्जी ताइक्कांडो खेल प्रमाण-पत्रों और कूटरचित सत्यापन रिपोर्ट के जरिए सरकारी नौकरी दिलाने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए पूर्व ताइक्कांडो अकादमी संचालक बालकंवर सैनी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि वर्ष 2017 की ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता के बाद बचे हस्ताक्षरित ब्लैंक प्रमाण-पत्रों का दुरुपयोग कर फर्जी खेल प्रमाण-पत्र तैयार किए गए, जिनके आधार पर अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती में नियुक्ति दिलाने का प्रयास किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसओजी की जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने फर्जी ताइक्कांडो खेल प्रमाण-पत्रों के साथ ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया, धनबाद की फर्जी ई-मेल आईडी से तैयार कराई गई कूटरचित वेरिफिकेशन रिपोर्ट प्रस्तुत कर सरकारी नौकरी हासिल की थी। एसओजी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी बालकंवर सैनी 33 निवासी निवारू रोड खोराबीसल वर्ष 2017 में ताइक्कांडो अकादमी संचालित करता था। उसी वर्ष राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में राजस्थान ताइक्कांडो एसोसिएशन की ओर से आयोजित ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित कुछ खाली ब्लैंक प्रमाण-पत्र उसे उपलब्ध कराए गए थे।

प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद चार हस्ताक्षरित ब्लैंक प्रमाण-पत्र उसके पास बच गए। बाद में ये ब्लैंक प्रमाण-पत्र आरोपी विष्णु भाखड़ीवाल और कप्तान सिंह के पास पहुंचे। विष्णु भाखड़ीवाल ने अपनी लिखावट से अभ्यर्थियों के नाम भरकर फर्जी खेल प्रमाण-पत्र तैयार किए। प्रत्येक प्रमाण-पत्र के बदले करीब 60 हजार रुपये वसूले गए, जिनमें से 20 हजार रुपये बालकंवर सैनी को दिए गए। जांच के दौरान पहले गिरफ्तार आरोपी सियाराम गुर्जर के संबंध में सामने आया कि उसने फर्जी ताइक्कांडो प्रमाण-पत्र और फर्जी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर तृतीय श्रेणी शिक्षक के पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी कप्तान सिंह ने खुलासा किया कि उसने अपने रिश्तेदार मनोज कुमार गुर्जर के कहने पर सियाराम गुर्जर सहित अन्य अभ्यर्थियों के लिए विष्णु भाखड़ीवाल से 60 हजार रुपये में ब्लैंक हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र खरीदे थे। कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-1 भर्ती में खेल कोटे के तहत कुल 2 प्रतिशत अभ्यर्थियों का चयन होना था। एसओजी जांच में सामने आया कि राष्ट्रीय स्तर के फर्जी ताइक्कांडो प्रमाण-पत्रों के आधार पर चयन सूची में शामिल 38 अभ्यर्थियों ने शिक्षा विभाग की चयन समिति के समक्ष ये दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। मामले में कई नियुक्तियों की जांच जारी है। एसओजी अब आरोपी से पूछताछ कर फर्जी प्रमाण-पत्र तैयार करने वाले पूरे नेटवर्क, इसमें शामिल अन्य लोगों तथा इससे लाभान्वित अभ्यर्थियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। कई और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है।

# जनता के पैसे से खरीदे मीटर घरों में बन रहे भंगार

### विभाग बोला-हमारे पास रीडिंग लेने के लिए कर्मचारी ही नहीं

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** सरकार एक तरफ जल बचाओ के नारों और विज्ञापनों पर सालाना लाखों-करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है तो दूसरी तरफ उसका अपना जलदाय विभाग ही पानी की इस बर्बादी को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। कस्बे में करीब साढ़े चार सौ जल उपभोक्ता हैं। नियमानुसार विभाग ने नए जल कनेक्शन पर मीटर लगाना अनिवार्य कर रखा है और इसके लिए उपभोक्ताओं से पूरी राशि भी वसूली जाती है लेकिन हैरान करने वाली हकीकत यह है कि पैसे लेने के बाद भी विभाग नल पर मीटर नहीं लगा रहा है। नतीजतन जनता की गाढ़ी कमाई से खरीदे गए ये मीटर घरों में पड़े-पड़े कबाड़ हो रहे हैं। इसके पीछे जलदाय विभाग का तर्क बेहद चौंकाने वाला है। अधिकारियों का कहना है कि अगर मीटर लगा दिए गए तो उनकी रीडिंग लेने के लिए मीटर रीडर की जरूरत पड़ेगी जो विभाग के पास उपलब्ध ही नहीं हैं। विभाग की इसी ढिलाई के कारण कस्बे में लोग बेखौफ होकर पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### विभाग को राजस्व की चपत, जनता को परेशानी

अगर कस्बे के सभी कनेक्शनों पर सख्ती से मीटर लगा दिए जाएं तो पानी की बर्बादी तुरंत रुक जाएगी क्योंकि तब हर उपभोक्ता पानी बहाने से पहले दस बार सोचेगा। मीटर होने पर लोग काम होने के बाद तुरंत टोटी बंद करेंगे। वर्तमान में पानी की बर्बादी के कारण ऊंचाई पर बसे मोहल्लों और घरों तक पानी का प्रेशर पहुंच ही नहीं पा रहा है। इन ऊंचे इलाकों के उपभोक्ताओं को मजबूरी में पूरी-पूरी रात जागकर मोटर पंप चलाना पड़ता है,, जिससे उनका बिजली का बिल तो बढ़ ही रहा है, रात की नींद भी खराब हो रही है। यदि मीटर लग जाएं तो पानी का प्रेशर सुधरेगा और सभी को बराबर पानी मिल सकेगा।

### शहरों से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में बर्बादी

जलदाय विभाग की यह नाकामी सिर्फ बिसाऊ शहर तक सीमित नहीं है। कस्बों से ज्यादा पानी की बर्बादी ग्रामीण इलाकों में हो रही है। गांवों में कई जगहों पर बिना किसी रोक-टोक के 24 घंटे पानी की सप्लाई चलती रहती है। मुख्य नलों पर टोटियां न होने के कारण साफ और मीठा पानी चौबीसों घंटे बहकर रास्तों में जमा हो रहा है,, जिससे गांवों की गलियां और सड़कें कीचड़ व तालाब में तब्दील हो चुकी हैं।

### इनका कहना है

मुझे वर्तमान में यह याद नहीं है कि बिसाऊ में कुल कितने उपभोक्ताओं के यहाँ मीटर चालू हालत में लगे हुए हैं। इसका सही आंकड़ा मैं ऑफिस का रिकॉर्ड देखने के बाद ही बता पाऊंगा।

**धर्मेंद्र कुमार, कनिष्ठ अभियंता, जलदाय विभाग**

# जेजेटी में विधि संस्थान में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित




निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विधि संस्थान में विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने तथा विधिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी एवं एलएलबी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विधिक विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक चार्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के विषयों में भारतीय न्यायिक प्रणाली, न्यायालयों की पदानुक्रम व्यवस्था, मौलिक अधिकार, महिला एवं बाल कानून, उपभोक्ता अधिकार, साइबर कानून तथा अन्य महत्वपूर्ण विधिक विषय शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपने चार्टों के माध्यम से उत्कृष्ट रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण कौशल तथा विधिक ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन रचनात्मकता, विधिक तथ्यों की शुद्धता, प्रस्तुतीकरण, स्वच्छता तथा समग्र प्रभाव के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ सविता सांगवान, डॉ नितीश कुमार एवं डॉ जगबीर सिंह शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों एवं नवीन सोच की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन डॉ आशिमा कुमार एवं डॉ धर्मेंद्र कौशिक के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विधि संस्थान के सभी संकाय सदस्य डॉ विजयमाला, डॉ यूसुफ अली एवं डॉ अर्चना ए. पवार भी उपस्थित रहे। संस्थान ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों एवं आयोजकों के प्रयासों की सराहना के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# रोलर स्केटिंग में प्रिंस एकेडमी ने जीता विजेता का खिताब



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सेवद बड़ी में आयोजित जिलास्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 6 रजत व 9 कांस्य पदक सहित कुल 24 मेडल जीतकर विजेता का खिताब हासिल किया है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रिंस के 24 खिलाड़ियों का चयन स्टेट लेवल टूर्नामेंट हेतु हुआ है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान एवं खेल प्रभारी गिरीश चौहान ने विजेता खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

# ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर युवक की मौत

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के कासनी गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक गुरुवार रात बिना बताए घर से निकला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कृष्ण कुमार मेघवाल पुत्र सुरेश कुमार निवासी कासनी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक गुरुवार रात घर से निकला था और किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी ट्रेन के टीटी ने सूरजगढ़ रेलवे स्टेशन पर दी, जिसके बाद रेलवे स्टेशन से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा शव को अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि कृष्ण कुमार मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अविवाहित था और अपनी मेहनत की कमाई से घर का सहारा बना हुआ था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

**परिवार का इकलौता सहारा था**-परिजनों के अनुसार कृष्ण कुमार रोज मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। उसकी मौत के बाद परिवार गहरे सदमे में है। शिनाख्त होने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# चाकू से हमले में घायल गर्भवती की हुई मौत

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** धोद थाना क्षेत्र के सरवडी गांव में हुआ दिल दहला देने वाला हमले में गंभीर रूप से घायल हुइ प्रियंका ने आखिरकार जयपुर अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीन दिन तक जिंदगी और मौत से प्रियंका लड़ती रही आखिर जिंदगी की जंग हार गई। इससे पहले चाकू से हमला होने से उसके अत्यधिक खून निकलने के कारण प्रियंका के गर्भ में पल रहे 6 माह के शिशु की भी मौत हो चुकी थी। जैसे ही शुक्रवार को यह दुखद समाचार अंचल के लोगों को मिला लोगों में खामोशी छा गई। धोद थाना क्षेत्र के सरवडी गांव में महिला का गला काट दिया था उसके बाद उसका जयपुर उपचार चल रहा था शुक्रवार को उसने अंतिम सांस ली। धोद पुलिस ने गर्भवती महिला के गले पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर ले रखा है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी सुरेश सैनी का बड़ा भाई ने प्रियंका से गाली गलौच को लेकर उसे डांटने पर उससे नाराज होकर गर्भवती महिला प्रियंका का चाकू से गला रेत दिया था। भाई ने फोन पर कहा कि पड़ोसियों के साथ बिना मतलब गाली गलौच करता है इससे हमारी बदनामी होती है। मेरे बड़े भाई ने फोन पर मुझे बताया कि प्रियंका ने अपने पति को फोन किया था कि सुरेश उसके घर आकर गाली गलोज करता है। इसी बात का बदला लेने के लिए मैंने चाकू लेकर आया उस समय उसके घर कोई नहीं था। उसका गला काटने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

# बकाया बिल नहीं चुकाया तो मीटर भी हटेगा

## 100 बिजली कनेक्शन काटे, 1.14 करोड़ रुपए की वसूली

अशोक राईका

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में बिजली निगम ने बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की। बकाया बिल जमा नहीं कराने वाले 100 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। इन उपभोक्ताओं पर 11.95 लाख रुपए का बकाया था। वहीं पूरे जिले में चलाए गए अभियान के दौरान 3146 उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 14 लाख 76 हजार रुपए की बकाया राशि वसूल की गई। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विरेन्द्र कुमार खीचड़ ने बताया कि जिले में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य को लेकर सभी उपखंड कार्यालयों की टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं कराया था, उनके कनेक्शन विच्छेदित किए गए। उन्होंने कहा कि यदि बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो संबंधित उपभोक्ताओं के बिजली मीटर और सर्विस लाइन भी नियमानुसार हटा दी जाएगी।

**उपभोक्ताओं से अपील**-अधीक्षण अभियंता ने सभी बिजली उपभोक्ताओं से समय पर बकाया बिल जमा कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान करने से बिजली कटौती और अन्य वैधानिक कार्रवाई से बचा जा सकता है तथा निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलता रहेगा।

# आग लगने से तीन इलेक्ट्रिक स्कूटी जलकर खाक

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित रामबाग सर्किल के पास सुबोध कॉलेज की बेसमेंट पार्किंग में शुक्रवार सुबह अचानक आग लगने से तीन इलेक्ट्रिक स्कूटी जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। सूचना पर 22 गोदाम फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते अन्य वाहनों को हटाने से बड़ा नुकसान टल गया। फायर वूमन सीता ने बताया कि सुबह करीब 8:45 बजे कॉलेज की बेसमेंट पार्किंग में खड़ी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में खड़ी दो अन्य इलेक्ट्रिक स्कूटी भी उसकी चपेट में आ गईं। तीनों स्कूटी से उठती आग की ऊंची लपटों और धुएं को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही 22 गोदाम फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने सबसे पहले आसपास खड़े अन्य वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटाया, जिससे आग फैलने से रोकी जा सकी। करीब 20 मिनट के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हालांकि आग की चपेट में आई तीनों इलेक्ट्रिक स्कूटी पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो गईं। फायर वूमन सीता ने बताया कि आग लगने के कारण बेसमेंट पार्किंग धुएं से भर गई थी। साथ ही आसपास खड़े वाहनों को हटाने में समय लगने के कारण आग बुझाने की कार्रवाई में भी अधिक समय लगा।

## बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के कार्मिकों ने किया वृक्षारोपण

**लोसल ( नवयत्न )।** पशुपालन विभाग लोसल के कार्मिकों ने राजस्थान सरकार द्वारा संचालित हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जलदाय विभाग परिसर में वृक्षारोपण किया तथा जामुन, करंज, नीम, अमरूद आदि पौधे लगाये। कार्यक्रम के दौरान डॉ महेश बामणिया वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित करने की दिशा में एक सशक्त एवं महत्वपूर्ण कदम है, हम सभी को पौधरोपण जैसी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए।



# पशुओं का इलाज नहीं होने से लोग परेशान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नाथोतालाब स्थित पशु अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने से पशुपालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डीडवाना से वाहन में घोड़ी को लेकर आये पशु पालक ने बताया कि बार-बार रिक्वेस्ट करने के बाद भी बीमार घोड़ी को चैक नहीं किया जा रहा है और न ही यहां पर कोई चिकित्सक है। दूसरी ओर अपना पालतू कुता लेकर आई युवती ने बताया कि यहां पर लोग अपने बीमार पशुओं को लेकर आ रहे हैं लेकिन कोई उपचार नहीं मिलने से पशुपालकों में आक्रोश है। वहीं कई बकरी पालक भी अपनी बकरियों को बिना चैक करवाये ही वापस घरों को लौट गए।



# होम्योपैथिक शिविर में 210 हुए लाभान्वित

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनूं द्वारा आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय परिसर छावनी बाजार में स्व केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार के आर्थिक सौजन्य से होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 210 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गई। कार्यक्रम में रामाकांत हलवाई, रमेश कुमार अग्रवाल, डॉ एस एन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, आरती मुंड, सुधा पूनिया, शालिनी अग्रवाल, महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, डॉ मूलसिंह, सहायक प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, चंद्र प्रकाश जालान, पवन कुमार खेतान, महेश कुमार एवं काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

# प्रिंस एनडीए एकेडमी की 4 छात्राओं का एनडीए 157 एसएसबी में चयन

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। वर्तमान में चल रहे एनडीए 157 एसएसबी इंटरव्यूज में सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी की 4 छात्राओं का एक साथ एनडीए 157 एसएसबी में चयन हुआ है। चयनित छात्राओं में तनुश्री, अश्का, पूजा एवं अनुष्का शामिल हैं। चयनित छात्राओं को सेना में लेफ्टिनेंट या फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिलेगी। विद्यार्थियों की इस बड़ी सफलता पर प्रिंस एनडीए एकेडमी में उत्साह का माहौल रहा। चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रिगेडियर बीबी जानू, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, एकेडमिक हेड पवन कुमावत एवं निरूपम सुण्डा ने चयनित छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाईयाँ दी।

# राष्ट्रीय पर्व की तैयारियों को लेकर सौंपी जिम्मेदारियां



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एडीएम संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में पंचायत समिति के वीसी रूम में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग लोगों और विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियों का आवंटन किया और गंभीरता के साथ अन्य विभागों से समन्वय बिठाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि 6 अगस्त से स्टेडियम में प्रेक्टिस विद्यार्थियों द्वारा शुरू कर दी जायेगी और कार्यक्रम के दिन पर्याप्त पुलिस जाब्ता भी व्यवस्थाओं में लगाया जावे। उन्होंने नगरपरिषद अधिकारियों को कहा कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। इस अवसर पर एडीशनल एसपी सतपाल सिंह, तहसीलदार अर्जुनलाल, पीएमओ डॉ पुरूषोतम करवा, विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़, भागीरथराम, सीबीईओ रणजीतसिंह, सहायक अभियंता चारवी, भंवरलाल पांडर, गणपति प्रजापत, पुरूषोतम चौहान, रणवीरसिंह, तिलोकचंद, पूनम कुमार, रामलाल, सुधेंद्र कुमार और अनेक संस्था प्रधान व शारीरिक शिक्षक मौजुद रहे।



# ग्रामीण सेवा शिविर के तहत पौधे वितरित

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाए जा रहे फॉलो अप ग्रामीण सेवा शिविर भगीना पंचायत में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। इसी दौरान राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्रामीणों को पेड़ वितरित किए गए। इस मौके पर शिविर प्रभारी पिलानी तहसीलदार सोनू आर्य, विकास अधिकारी महेन्द्र सैनी, उपखंड संयोजक सुरेंद्र भाटिया, पूर्व सूरजगढ़ भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, सरपंच विनोद कुमार, सहायक विकास अधिकारी सुखदेवा राम, अतिरिक्त विकास अधिकारी रोहितास, ग्राम विकास अधिकारी जयसिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# चौपाल पर लगवाई कुर्सियां, ग्रामीणों को मिली राहत

मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** कस्बे के सूरजगढ़ मोड़ स्थित चौपाल पर अब ग्रामीणों को बैठने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। समाजसेवी एवं अंकित स्टूडियो के संचालक विजय तुदवाल ने यहां पांच मजबूत कुर्सियां लगवाकर चौपाल का सुंदरीकरण कराया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर प्रतिदिन शाम को बुजुर्ग, किसान और युवा एकत्र होकर गांव के विकास, खेती-किसानी और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं। लंबे समय से बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए विजय तुदवाल ने पहल करते हुए कुर्सियां उपलब्ध करवाईं। इस दौरान सीआई राम मनोहर, नगरपालिका ईओ सुरेंद्र सिंह, रणबीर भगत, संजय नाडिया, सोमवीर झारोड़ा, विष्णु सिंह और ललित वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ओम बन्ना मन्दिर को जमीन आवंटन के लिए आभार कार्यक्रम

## मजबूत फैसलों से हो रहा युवाओं और किसानों का कल्याण : मुख्यमंत्री शर्मा

## धार्मिक स्थलों पर होगा हेरिटेज वॉक वे का निर्माण

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की भूमि होने के साथ ही आस्था और विश्वास की पावन धरती है। यहां पग-पग पर आस्था धाम हैं तथा कई महापुरुषों ने अपने अलौकिक चमत्कारों से लोकहितकारी कार्य किए हैं। श्री ओम बन्ना के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। वे उन्हें सड़क दुर्घटनाओं से रक्षा करने तथा मनोकामनाओं को पूर्ण करने के लिए श्रद्धापूर्वक पूजते हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को श्री ओम बन्ना मंदिर के लिए भूमि आवंटन के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित आभार समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाली जिले के चोटीला में श्री ओम बन्ना मंदिर के विस्तार और सुव्यवस्थित विकास के लिए हमारी सरकार द्वारा भूमि आवंटित की गई है। इससे मंदिर परिसर का अच्छा विकास होगा और धार्मिक पर्यटन को भी गति मिलेगी।

### 'विकास भी-विरासत भी' के साथ समग्र विकास

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी-विरासत भी' के मंत्र को आत्मसात कर प्रदेश के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। हमने ढाई वर्ष में विरासत स्थलों और आस्था धामों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राजस्थान में पृथ्वीराज चैहान, मीरा बाई, राणा सांगा, हाड़ी रानी और वीर शिरोमणि राव चंद्रसेन जैसे अनेक पैनोरमाओं का निर्माण कार्य करवाया है।

### शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों का होगा संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट में धार्मिक पर्यटन को नई गति देने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। पुष्कर, खाटूश्यामजी, नाथद्वारा, केशोरायपाटन, डीग और चित्तौड़गढ़ जैसे धार्मिक शहरों में हेरिटेज वॉक वे का निर्माण करवाएंगे। इसी प्रकार, किराडू के मंदिर समूह के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के कार्य होंगे। शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण के लिए भी काम किया जा रहा है।

### वरिष्ठ नागरिक करेंगे हवाई जहाज और एसी ट्रेन से तीर्थयात्रा

उन्होंने कहा कि पाली के श्री करूणामूर्ति धाम, ब्यावर के मकरमंडी माताजी मंदिर में विकास कार्य कराए जाएंगे। वहीं, राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 1 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा करवा चुकी है। इस वर्ष भी हजारों वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से नेपाल के पशुपतिनाथ और एसी ट्रेन से विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी।

### धर्मशालाओं के निर्माण एवं संचालन के लिए बनेगी नई नीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवस्थान विभाग की धर्मशालाओं की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के कार्य किए जाएंगे। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए देवस्थान विभाग के



अधीन खाली भूमि पर धर्मशालाओं के निर्माण एवं संचालन के लिए नई नीति बनाई जाएगी। इसी प्रकार, दीपावली, होली, शिवरात्रि, रामनवमी, गुरु पूर्णिमा जैसे त्योहारों पर मंदिरों में विशेष साज-सज्जा व आरती के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

उन्होंने कहा कि जहां आस्था का सम्मान होता है, वहां संस्कृति सशक्त होती है, समाज संगठित होता है और विकास को नई दिशा मिलती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए विकसित, समृद्ध और गौरवशाली राजस्थान बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पानी एवं बिजली के क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतार रही है, जिससे इनकी पर्याप्त उपलब्धता बढ़ रही है। मजबूत फैसलों से पेपरलीक पर लगाम लगाई है तथा युवाओं के लिए रिकॉर्ड भर्तियों से लेकर स्वरोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए भी विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



# भारत राष्ट्र महान, मेरा देश कमजोर ना हो : देवनानी

## देवनानी बोले - देश की एकता, अखण्डता, स्वतन्त्रता व संविधान की रक्षा युवाओं की जिम्मेदारी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को उदयपुर के मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा एवं आन्तरिक सुरक्षा विषयक मोहन लाल सुखाडिया स्मृति व्याख्यान माला का विधान सभा से वर्चुअल शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि भारत राष्ट्र महान है। इसकी एकता, अखण्डता, स्वतन्त्रता व संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी युवाओं की है। युवा देश का भविष्य के साथ वर्तमान भी है। युवाओं का सही दिशा में चलना राष्ट्र की आन्तरिक सुरक्षा के लिए आवश्यक है। देवनानी ने कहा कि बदलते दौर में राष्ट्र की बाहरी सुरक्षा के साथ आन्तरिक सुरक्षा अधिक चुनौतिपूर्ण बनती जा रही है। मेरा देश कमजोर न हो, यह भाव सभी युवाओं के मन, मस्तिष्क में होना चाहिए। देवनानी ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुखाडिया की जयन्ती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि वे राजस्थान के शिल्पी थे। लम्बे समय तक वे राज्य के मुख्यमंत्री रहे। श्री देवनानी ने युवा एवं आन्तरिक सुरक्षा विषय को वर्तमान सन्दर्भ में सामयिक और महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वर्तमान में युवाओं को साइबर सुरक्षा के योद्धा बनने की आवश्यकता है।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों को मिली आधुनिक पुलिसिंग की नई सीख

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस में प्रशिक्षण व्यवस्था को अधिक आधुनिक, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में राजस्थान पुलिस अकादमी आरपीए, जयपुर और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ट्रेनिंग नीड एनालिसिस प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। 29 से 31 जुलाई तक आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस अकादमी के 42 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण आवश्यकताओं के वैज्ञानिक विश्लेषण, आधुनिक शिक्षण तकनीकों, प्रशिक्षण मॉड्यूल विकास, मूल्यांकन प्रणाली और क्षमता निर्माण से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में उप महानिरीक्षक पुलिस एवं अतिरिक्त निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी शंकर दत्त शर्मा मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के प्रो.वाईस चांसलर कल्पेश वांड्रा तथा डीन एक्रेडिटेशन अविनाश खरेल ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और पुलिस प्रशिक्षण के बदलते स्वरूप तथा गुणवत्ता सुधार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। शंकर दत्त शर्मा ने कहा कि सिस्टमैटिक ट्रेनिंग अप्रोच का सबसे महत्वपूर्ण आधार ट्रेनिंग नीड एनालिसिस है। प्रशिक्षण की आवश्यकताओं की वैज्ञानिक पहचान के बिना प्रभावी प्रशिक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने के साथ पुलिसिंग की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार लाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श और अनुभव साझा किए। इससे प्रशिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी और परिणाम-केंद्रित बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन और राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक संजीव कुमार नार्जारी के निर्देशन में दोनों संस्थानों के बीच प्रशिक्षण, अनुसंधान और क्षमता निर्माण से संबंधित कई संयुक्त गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस निरीक्षक धीरज वर्मा को मिशन कर्मयोगी के तहत आयोजित पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन में सामुदायिक सहभागिता और सुरक्षा संबंधी अनुभव साझा करने के लिए राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय भेजा गया था। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने राजस्थान पुलिस अकादमी के विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के अद्यतन और आधुनिकीकरण में भी सहयोग किया है। समापन अवसर पर दोनों संस्थानों ने भविष्य में भी पुलिस प्रशिक्षण, अनुसंधान, क्षमता निर्माण और आधुनिक पुलिसिंग से जुड़े विषयों पर संयुक्त रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। अधिकारियों ने इसे राजस्थान पुलिस के प्रशिक्षण तंत्र को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## शुगर जांच शिविर 6 अगस्त को

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लुहारा गाडा स्थित मानव सेवा संस्थान में मानव सेवा संस्थान व द धर्मार्थ मेडिकल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुगर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 6 अगस्त को किया जायेगा। भामाशाह कमलेश भरत डूंगरवाल सुजानगढ़ निवासी बेंगलुरु प्रवासी के आर्थिक सौजन्य से यह शिविर आयोजित होगा। मानव सेवा संस्थान के स्थानीय समन्वयक माणकचंद सर्राफ ने बताया कि गुरुवार को मानव सेवा संस्थान लुहारा गाडा में बीकानेर के डॉक्टर शिवा मदान अपनी सेवाएं देंगे। इस हेतु शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गजानंद जांगिड़, संस्थान के बच्चे भी मौजूद रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर एवं जयपुर हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सुबह 10 से दोपहर 1 तक ए-वन एजुकेशन एकेडमी वार्ड नंबर 6 श्रीमाधोपुर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सचिव अनिल कुमार मारवाल के अनुसार शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अधीर यादव, जनरल मेडिसिन के डॉक्टर आशीष गुप्ता मरीजों की जांच कर उचित परामर्श देंगे। क्लब के संरक्षक डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी, कोषाध्यक्ष ललित सैनी, प्रोजेक्ट चेयरमैन मनोज मालपानी, सागरमल सैनी तथा छीतर मल निठारवाल ने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि वे शिविर में पधार कर सेवा का लाभ प्राप्त करें। वही शिविर में आने वाले मरीजों से अपेक्षा की गई है कि वह अपने साथ अपनी पुरानी जांच एवं रिपोर्ट साथ लेकर आवे। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन व ईसीजी की जांच नि:शुल्क की जाएगी।

## राइजिंग पाइप लाइन में अवैध कनेक्शनों को हटाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर ग्राम सूरवास को जाने वाली राईजिंग पाईप लाईन में अवैध कनेक्शनों को हटाये जाने तथा इन्हें संरक्षण देने वाले दोषी लाइन मैन के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सूरवास गांव की ओर जाने वाली राइजिंग लाइन में कुछ लोगों ने पानी के अवैध कनेक्शन कर रखे हैं, जिसके कारण पिछले चार सालों से गांव सूरवास में वैध कनेक्शन धारियों की पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके बारे में अवैध कनेक्शनों को हटाने के लिए एल एंड टी के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया है लेकिन वो इस मामले को लेकर गंभीर नहीं हैं जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। इसलिए इन अवैध कनेक्शनों को हटाया जावे तथा इनको संरक्षण देने वाले दोषी लाईन मैन के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे ताकि अन्य कर्मचारी अपने दायित्व को सही तरीके से निभाएं।

## तीन राउमावि में चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लगाए

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** शिक्षा विभाग ने बिसाऊ के राउमावि में चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद भरे। जिला शिक्षा अधिकारी ने 31 जुलाई को आदेश जारी कर बिसाऊ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 4 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पदस्थापन किया है। आदेशानुसार दिनेश कुमार को वार्ड 9 राबाउमावि में, श्यामसुंदर हरिजन को पीएम सेठ दुर्गादत्त जटिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तथा गीगीदेवी दुर्गादत्त जटिया राबाउमावि में आशिष गुर्जर एवं अनुराग मीणा को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर लगाया है। गौरतलब है कि कस्बे के तीन राजकीय विद्यालयों में 4 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का नवीन पदस्थापन करने के पश्चात भी इन राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों के कुल 34 विभिन्न पद रिक्त हैं ।

# कार्यवाहक आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सेवानिवृत हो चुके नगरपरिषद के 9 सफाई कार्मिकों ने कार्यवाहक आयुक्त द्वारका प्रसाद को एक ज्ञापन सौंपकर उनके बकाया चल रहे पीएफ राशि, ग्रेचुएटी फंड, पीएल की छूट्टियों की राशि का भुगतान करवाये जाने की मांग की है। कमल कुमार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि हमें सेवानिवृत हुए 1 से 2 वर्ष का समय बीत गया है, उसके बावजूद भी हमें ग्रेचुएटी, पीएफ फंड, पीएल की छूट्टियों की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसलिए हमारी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जावे। आयुक्त द्वारका प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच करवाकर जल्द से जल्द समाधान करवाया जायेगा।



इस दौरान रूपचंद, मांगीलाल, धर्मचंद, कमला, गोमती, पुष्पा, पाना, बिमला आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर्स का जन्मदिवस मनाया



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** पेंशनर्स समाज भवन उप शाखा में जुलाई माह में जन्म दिवस वाले पेंशनर्स का जन्म दिवस सत्यनारायण सेवदा की अध्यक्षता व औंकारमल शर्मा के मुख्यातिथि में हुआ। कार्यक्रम में ओमप्रकाश जांगिड़, भागीरथ मंडार, डॉ हीरालाल सोनी, भंवरलाल प्रजापत, नारायण दास, नियामत अली, बिहारी लाल शर्मा, लिछमण राम टांडी, जय सिंह राठौड़, सुरेंद्र तिवारी, श्यामलाल माली, राम सिंह राठौड़, विजय कुमार स्वामी, योगेश कुमार गौड़ आदि पेंशनर्स का तिलक लगाकर, माला पहनकर और मिष्टान्न खिलाकर जन्म दिवस मनाया गया। दया कर दान भक्ति का हमें परमात्मा देना सामूहिक प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सचिव पीरुमल भोभरिया ने गत माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

ओमप्रकाश जांगिड़ ने आयकर विवरणी दाखिल करने के बारे में और आठवें वेतन आयोग के बारे में राज्य सरकार द्वारा की जा रही सम सामयिक गतिविधियों की जानकारी दी। जय सिंह राठौड़ ने मेरे देश की धरती सोना उगले देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। रामावतार ठठेरा, रामदेव शर्मा, सागर मल आत्रेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। पेंशनर समाज के सदस्य, जिनके परिजनों का स्वर्गवास हो गया उनके लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ किया गया।

## एयू जयपुर मैराथन 2027 का आगाज

### राज्यपाल ने किया रजिस्ट्रेशन पोस्टर का विमोचन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शुक्रवार को संस्कृति युवा संस्था एवं वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से आयोजित एयू जयपुर मैराथन-2027 के रजिस्ट्रेशन पोस्टर का विमोचन किया। आयोजन का 18वां संस्करण 14 फरवरी 2027 वैलेंटाइन डे को आयोजित होगा, जबकि इसके लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत 2 अगस्त फ्रेंडशिप डे से होगी। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष एवं एयू जयपुर मैराथन के मुख्य आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि इस बार मैराथन का अभियान मित्रता, फिटनेस और स्वस्थ जीवन के संदेश पर आधारित रहेगा। उन्होंने कहा कि फ्रेंडशिप डे पर दोस्तों के साथ दौड़ने की शुरुआत होगी और वैलेंटाइन डे पर स्वस्थ जीवन, अपनत्व और साथ मिलकर आगे बढ़ने का उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयू जयपुर मैराथन । इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस एसोसिएशन से प्रमाणित है तथा वर्ल्ड मैराथन मेजर्स के लिए क्वालिफायर भी है। पिछले 17 वर्षों में यह आयोजन लाखों धावकों को एक मंच पर लाकर भारत की रनिंग संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा चुका है। एयू जयपुर मैराथन के सीईओ एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट के एमडी मुकेश मिश्रा ने बताया कि 2 अगस्त को जयपुर रनर्स क्लब द्वारा कूकस स्थित नेचुरल पर्ल फार्म स्टे में आयोजित त्रिमूर्ति मानसून रन के दौरान मैराथन-2027 के रजिस्ट्रेशन का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इस आयोजन में एक हजार से अधिक रनर्स भाग लेकर अभियान की शुरुआत करेंगे। पहले चरण में केवल फुल मैराथन 42.195 किमी और हाफ मैराथन 21.097 किमी के लिए पंजीकरण खोले जाएंगे। हाफमैराथन के लिए 7,500 और फुल मैराथन के लिए 2,500 सीटें निर्धारित की गई हैं। आयोजकों के अनुसार 14 फरवरी 2027 को जयपुर में देश-विदेश के हजारों धावक एक साथ दौड़ेंगे। दौड़ते कदमों का उत्सव थीम के साथ आयोजित होने वाला यह संस्करण स्वास्थ्य, मित्रता, एकता और मानवीय मूल्यों का संदेश देगा।

## विश्व स्तनपान सप्ताह : सात अगस्त तक जिलेभर में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त के तहत जयपुर प्रथम जिले में स्तनपान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चिकित्सा संस्थानों, एमसीएचएन सत्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों के माध्यम से माताओं को स्तनपान के महत्व और सही तकनीक की जानकारी दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जन्म के पहले घंटे में शिशु को स्तनपान कराना तथा पहले छह माह तक केवल मां का दूध देना शिशु के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्तनपान के लाभ, सही तकनीक और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम जीवन की टिकाऊ शुरुआत के लिए स्तनपान: जो तरीका कारगर है, उसे और मजबूत करें रखी गई है। थीम के अनुरूप जिलेभर में जनजागरूकता गतिविधियां, परामर्श सत्र, एमसीएचएन दिवस, संगोष्ठियां और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीएमएचओ ने आमजन से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और प्रत्येक नवजात को स्वस्थ जीवन की शुरुआत सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील की।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया ट्रैवल विद् पर्पस का लोकार्पण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लेखक एवं ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमी अंशु सर्राफ की पहली पुस्तक ट्रैवल विद् पर्पस हाउ टू सी द वर्ल्ड विदाउट हार्मिंग इट का जयपुर में आयोजित गरिमामय समारोह में लोकार्पण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पुस्तक का विमोचन करते हुए जिम्मेदार और सतत पर्यटन के संदेश को समय की आवश्यकता बताया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान जैसे पर्यटन प्रधान राज्य के लिए यह पुस्तक विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पर्यटन विकास के साथ विरासत, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। समारोह में प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन आईएएस, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राजेश कुमार शर्मा तथा एसएमएस स्कूल के निदेशक दामोदर प्रसाद गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ट्रैवल एवं उद्योग जगत से जुड़े कई प्रतिनिधियों, उद्यमियों, यात्रा प्रेमियों और पुस्तक प्रेमियों ने भी भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में राजेश कुमार शर्मा के सहयोग और मार्गदर्शन की सराहना की गई। इस कार्यक्रम के दौरान लेखिका सोनिया माहेश्वरी ने लेखक अंशु सर्राफके साथ संवाद सत्र का संचालन किया, जबकि मंच संचालन अंकिता जैन ने किया। संवाद के दौरान अंशु सर्राफ ने अपनी यात्राओं, ट्रैवल इंडस्ट्री के अनुभवों और पुस्तक लिखने की प्रेरणा साझा करते हुए कहा कि यात्रा सिर्फ पासपोर्ट से नहीं, बल्कि एक उद्देश्य के साथ कीजिए। उन्होंने बताया कि पुस्तक का उद्देश्य यात्रियों को पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के प्रति जिम्मेदार बनाना है। लेखक ने यात्रियों से सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, अपनी पानी की बोतल और कपड़े का थैला साथ रखने तथा पर्यटन स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर यात्री का प्रयास होना चाहिए कि वह जिस स्थान पर जाएए उसे पहले से अधिक बेहतर स्थिति में छोड़कर आए।

## मिशन जागृति : नशा मुक्त वार्ड बनाने की मुहिम में कोचिंग छात्रों से मांगी गोपनीय सूचनाएं

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में नशे के कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जयपुर दक्षिण पुलिस का विशेष अभियान मिशन जागृति लगातार गति पकड़ रहा है। पुलिस आयुक्तालय के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय सिंह के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत अब सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वार्डों को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जनभागीदारी बढ़ाई जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को मानसरोवर के शिप्रापथ स्थित सेक्टर-10 सामुदायिक केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, स्कूल एवं कोचिंग संस्थानों के संचालकों और विद्यार्थियों सहित करीब 300 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों से पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने वार्ड को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया गया। इस अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर मिशन जागृति के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। विद्यार्थियों और आमजन से गोपनीय सूचनाएं प्राप्त करने के लिए कोचिंग संस्थानों में शिकायत पेटिकाएं भी स्थापित करवाई गईं। साथ ही पोस्टर, पंपलेट और अन्य जागरूकता सामग्री वितरित की गई। पुलिस के अनुसार अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 101 मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2026 में अब तक यह संख्या बढ़कर 174 हो गई है, जो करीब 72.28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पुलिस ने जारी की विस्तृत एडवाइजरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने संस्थागत वेब पोर्टलों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत साइबर एडवाइजरी जारी करते हुए शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा सरकारी एवं निजी संगठनों से अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील की है। हाल ही में आरपीएससी भर्ती पोर्टल से जुड़े प्रकरण में हुई अनधिकृत सेंधमारी के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि आरपीएससी भर्ती पोर्टल में अनधिकृत प्रवेश कर राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षा के परिणाम, अभ्यर्थियों की वरीयता सूची और आवेदन संबंधी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस मामले में अजमेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद संस्थागत वेब पोर्टलों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। एडवाइजरी में चार प्रमुख तकनीकी कमजोरियों की पहचान की गई है। इनमें सर्वर पर अनुमति की जांच के अभाव में यूआरएल या रिक्वेस्ट आईडी बदलकर दूसरे उपयोगकर्ताओं का डेटा देखना, लॉगिन या सर्च बॉक्स के जरिए एसक्यूएल इंजेक्शन कर डेटाबेस से छेड़छाड़, पासवर्ड बदलने या रीसेट करने के दौरान वर्तमान पासवर्ड अथवा सेशन का सत्यापन नहीं होना तथा लॉगिन, ओटीपी और पासवर्ड रीसेट पर प्रयासों की सीमा तय नहीं होना शामिल है। साइबर अपराधियों के तौर-तरीकों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि वे सबसे पहले यूआरएल और एचटीटीपी रिक्वेस्ट में तकनीकी कमजोरियां तलाशते हैं। इसके बाद बॉट्स और स्क्रिप्ट्स के माध्यम से विभिन्न आईडी का परीक्षण कर सुरक्षा खामियों का फायदा उठाते हुए संवेदनशील डेटा चुराने या रिकॉर्ड में बदलाव करने का प्रयास करते हैं। एडवाइजरी में संस्थानों को प्रत्येक रिक्वेस्ट पर सर्वर-साइड ऑथराइजेशन लागू करने, क्रमिक आईडी के स्थान परयूयूआईडी जीयूआईडी का उपयोग करने, प्रिपेयर्ड स्टेटमेंट एवं पैरामीटराइज्ड क्वेरी अपनाने, सभी इनपुट का सर्वर-साइड वैलिडेशन करने, पासवर्ड बदलने से पहले री-वेरिफिकेशन और मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन एमएफए लागू करने तथा लॉगिन और ओटीपी प्रयासों की सीमा तय कर बार-बार असफल प्रयास होने पर अकाउंट को अस्थायी रूप से लॉक करने की सलाह दी गई है। साइबर शाखा ने किसी भी प्रकार की साइबर सेंधमारी या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल निकटतम पुलिस थाना या साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

## सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरी मुवकिला श्रीमती यासमीन पत्नी नासीर खान जाति कायमखानी ग्राम शेखसर तहसील व जिला झुंझुनूं ने अपने आवासीय प्लोट नं. ई-13 क्षैत्रफल 168.66 वर्ग गज को जरिये विक्रय पत्र आवेश बेग पुत्र हबीब बेग जाति मुस्लिम निवासी नियर रजियाना मस्जिद झुंझुनू जिला झुंझुनूं से प्राप्त किया था । उक्त अविभाजित खसरा नं. 1191 में आवेश बेग पुत्र हबीब बेग का 35/428 हिस्सा है। जिसका पंजीयंन उप पंजियक झुंझुनू जिला झुंझुनू में दिनांक 04.09.2024 में पंजीबद्ध किया गया है। जिसके क्रमांक नं. 202403228106403 है जो उक्त आवासीय प्लोट खसरा नं. 1191 कस्बा झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू में स्थित है, अब मेरी मुवकिला श्रीमती यासमीन पत्नी नासीर खान जाति कायमखानी ग्राम शेखसर तहसील व जिला झुंझुनूं अपने उक्त आवासीय पर PNB Housing Finance से लोन ले रही है। जिसमें मेरी मुवकीला श्रीमती यासमीन पत्नी नासीर खान द्वारा लोन लेने पर किसी को भी कोई आपत्ती/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं. 9413434882**

## नाम परिवर्तन

मैं रवि प्रकाश सोंकरिया पुत्र ओम प्रकाश सोंकरिया निवासी वार्ड नं 9 सूरजगढ़ जिला झुन्झुनू राजस्थान। मेरे पासपोर्ट नं. F 9359043 में मेरा नाम RAVI PRAKASH SONKARYA S/o OM PRAKASH SONKARYA दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम RAVI PRAKASH SONKARIA S/O OM PRAKASH SONKARIA है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व पासपोर्ट में भी दुरूस्त करें।

## कार्यालय नगर परिषद, सीकर

क्रमांक :- 2171 दिनांक :- 28/07/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 22/2026-27**

नगर परिषद सीकर द्वारा सिविल कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से व निविदा शर्तो अनुसार 1 कार्य की अल्पकालीन ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा समाप्ति की तिथि 05.08.2026 को सायं 06:00 बजे तक तथा ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी 06.08.2026 सायं : 03:00 बजे से है तथा निविदा पेटे ईएमडी राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट तथा निविदा में सबमिट किये गये संबंधित समस्त दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करवाने की दिनांक 06.08.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रहेगी।

निविदा संबंधी विवरण का अवलोकन नगर परिषद सीकर कार्यालय एवं नगर परिषद की वेबसाईट व कार्य का विवरण **www.sppp.raj.nic.in** पर भी देखा जा सकता है एवं कार्य की ऑनलाईन निविदा **http://eproc.rajasthan.gov.in/** पर ही प्राप्त की जावेगी।

**NIB CODE : DLB2627A5097**
**UBN No. : DLB2627WSOB12262**

राज.संवाद/सी/26/8194

वरिष्ठ आयुक्त,
नगर परिषद, सीकर

## कार्यालय नगर पालिका लोसल (सीकर)

क्रमांक : न. पा. लो./2026-27/1879 दिनांक :- 28.07.2026

**बोली सूचना/2026-27**

नगरपालिका लोसल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको/फर्मो से बोली आमंत्रित की जाती है। बोली दिनांक 28.07.2026 से 06.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक अमानता राशि एवं बोली शुल्क जमा जरिये डी.डी. से इस कार्यालय में जमा करवाकर बोली फॉर्म प्राप्त किया जाकर पूर्णतया भरी हुई बोलियां दोपहर 01:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें तथा सभंव हुआ तो उसी दिनांक को दोपहर 03:00 बजे तक उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त बोली को राजस्थान लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) पर भी देखा जा सकता है। जिसके एन.आई.बी नम्बर व यू. बी. एन. नम्बर निम्नांनुसार है-

**NIB No. - DLB2627A4989 & UBN No. - DLB2627SSOB12023**

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका लोसल

राज.संवाद/सी/26/8129

## कार्यालय ग्राम पंचायत लाछड़ी पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/129 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 61/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत लाछड़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0580 UBN-ZNR2627GLOB00773

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत लाछड़ी
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत लाछड़ी
पंचायत समिति लाडनूँ

## फोलो अप कैंप आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत मूंदड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर का फॉलोअप कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 19 विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में चिकित्सा उपचार 242 लोगों का, आयुर्वेद विभाग द्वारा दवा वितरण 124 लोगों को, पशुपालन विभाग द्वारा दवा वितरण 80, नाम शुद्धिकरण 15, नामांतरण 20, जन्म, मृत्यु, जॉब कार्ड 21, पट्टा वितरण 8, शौचालय 5 आदि कार्य संपादित किए गए। शिविर प्रभारी तहसीलदार अर्जुन लाल सालोदिया द्वारा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में सहायक विकास अधिकारी घनश्याम भाटी, प्रशासक तिजू देवी नायक, ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र रेलिया, कनिष्ठ सहायक कानाराम, प्रशासक पति चेनाराम, रामदेव ढाका आदि लोग मौजूद रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** आरयूआईडीपी की ओर जन जागरुकता कार्यक्रम के तहत वार्ड नं 20 में सेठ बैजनाथ भरतिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरयूआईडीपी जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता में शारीरिक स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए स्नान करना, नाखून काटना व हाथ धोने के तरीके के बारे में बताया व घरेलू स्वच्छता में खाने पीने की वस्तु को ढककर रखे व रसोई में दो प्रकार की डस्टबिन होनी चाहिए। जिससे एक में गिला कचरा व दूसरे में सुखा कचरा डालना चाहिए व किसी प्रकार कचरे को सड़क पर न डाले कचरे वाली गाड़ी में ही डाले। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक चन्दशेखर शर्मा, प्रदीप स्वामी, अन्तिम दुबे, शिक्षका सम्पत्ति सिहाग सहित काफी संख्या में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सीमा वर्मा ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीतुसिंह शेखावत ने सभी का आभार प्रकट किया।

## प्रधानमंत्री को लाइव सुनेंगे लोग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नशा मुक्ति को लेकर 2 अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन को सुनने तथा नशा मुक्त भारत महाभियान के तहत लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाने के लिए स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रविवार को सुबह साढ़ नौ बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अनेक अधिकारी भी शिरकत करेंगे। बीके बाल किशन पारीक ने बताया कि इस प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में कुल 10 करोड़ लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री चयनित सेंटर्स से संवाद भी स्थापित करेंगे।

## निःशुल्क शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिवस 31 जुलाई को आयोजित 61वें शिविर में 37 लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की नि:शुल्क जांच की गई। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी ने शिविर में मरीजों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया। जांच में शिवपाल योगी और महेंद्र शर्मा ने सहयोग दिया। इस अवसर पर सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई और श्रीराम कुमावत आदि मौजूद रहे।

## बिसाऊ-सीकर रेल खण्ड के गांव, कस्बे के यात्रियों के लिए खुश खबर

### प्रयागराज की यात्रा हेतु सीकर से स्पेशल साप्ताहिक रेल 10 अगस्त से

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** बिसाऊ-सीकर रेल खण्ड पर आने वाले गांव, कस्बे के यात्रियों के लिए खुश ख़बर प्रयागराज की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे सीकर से स्पेशल साप्ताहिक रेल सेवा का 10 अगस्त से संचालन शुरू कर रहा है। यह रेल आगामी त्योहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए सुविधा हेतु प्रयागराज-सीकर-प्रयागराज के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन कर रहा है।

रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04161 प्रयागराज-सीकर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 10 अगस्त से 30 नवबंर तक प्रयागराज से प्रत्येक सोमवार को 17:10 बजे रवाना होकर मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर सुबह 5:55 बजे पहुंचेगी ओर वहां से 6 बजे रवाना होकर 8:20 बजे सीकर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04162 सीकर-प्रयागराज साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 11 अगस्त से 1 दिसंबर तक सीकर से प्रत्येक मंगलवार को 15:25 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 17:15 बजे आगमन व 17:20 बजे प्रस्थान कर बुधवार को सुबह 8:50 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में भरवारी, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, ईटावा, फतेहाबाद, आगराकैंट, भरतपुर, बांदीकुई, दौसा, खातीपुरा, जयपुर, ढेहर का बालाजी व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 7 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 20 डिब्बे होंगे।

# अस्पताल में बारिश का पानी बना आफत

## विधायक गोदारा ने किया निरीक्षण



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर में गुरुवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद हुए जलभराव और नुकसान का जायजा लेने शुक्रवार दोपहर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा अस्पताल पहुंचे। विधायक ने पूरे चिकित्सा परिसर का निरीक्षण किया और अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्सा स्टाफ से जानकारी ली। बारिश के बाद अस्पताल परिसर में पानी भरने से मरीजों, चिकित्साकर्मियों और अस्पताल की व्यवस्थाओं पर पड़े असर को देखते हुए विधायक ने मौके पर ही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा और सहायक अभियंता विकास मीणा को बुलाया।

विधायक ने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में स्थायी व्यवस्था होने तक तत्काल वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं ताकि आगामी बारिश में अस्पताल फिर से जलभराव की चपेट में न आए। विधायक ने चिकित्सा परिसर की क्षतिग्रस्त दीवार के स्थायी निर्माण तक बालू रेत के कट्टे लगाकर सुरक्षा व्यवस्था करने तथा बरसात के दौरान पानी निकासी के लिए स्थायी रूप से पंप सेट लगाने के निर्देश दिए। इस पर अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा ने एक-दो दिन में पंप सेट लगवाने तथा बालू-रेत के कट्टे रखवाने का आश्वासन दिया। वहीं राजा कोठी गैनाणी में जल निकासी के लिए 60 एचपी का पंप सेट लगाने को लेकर भी चर्चा हुई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार से पहले 60 एचपी का पंप सेट लगा दिया जाएगा। विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि राजकीय चिकित्सालय का वर्तमान भवन जर्जर हालत में है और बरसात के दौरान यहां पानी भरना अस्पताल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा भवन के नए निर्माण को लेकर शीघ्र ही मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित की जाएगी और सर्वसम्मति से प्रस्ताव लेकर राजस्थान सरकार को अवगत कराया जाएगा। गोदारा ने कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री को अस्पताल में हुए नुकसान तथा भवन की स्थिति को लेकर पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त से विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है और वहां भी राजलदेसर के चिकित्सा भवन को नया बनाने की मांग मजबूती से उठाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय चिकित्सालय को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा दिलाने तथा अस्पताल में रिक्त पदों को भरने और आवश्यक चिकित्सा स्टाफ बढ़ाने की मांग भी विधानसभा में रखने की बात कही। विधायक ने कहा कि वे जल्द ही चिकित्सा मंत्री से मुलाकात कर अस्पताल की रिक्तियों और चिकित्सा सुविधाओं का मुद्दा उठाएंगे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान में अस्पताल में मरीजों के लिए पर्ची तक उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ का अभाव है और वर्तमान में एक महिला चिकित्सक के भरोसे चिकित्सा व्यवस्था चलना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण अस्पताल परिसर में पानी भरने से संक्रमण का खतरा बना हुआ है। ऐसी स्थिति में डिलीवरी जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं को लेकर भी परेशानी खड़ी हो सकती है। परिसर में डिलीवरी नहीं करवाने की सलाह दी गयी है।

अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर जल निकासी और साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। विधायक गोदारा ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर उनके द्वारा पहले भी कई बार निरीक्षण किया जा चुका है और अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया ह लेकिन इसके बावजूद अपेक्षित सुधार नजर नहीं आया। उन्होंने सरकार और प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अस्पताल का जर्जर भवन कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। यदि भवन गिरने से किसी व्यक्ति की जान जाती है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पहले भी तीन बार पत्र के माध्यम से अस्पताल की स्थिति से सरकार को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक अपेक्षित गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया। विधायक ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके परिजन किसी मजबूरी में नहीं बल्कि इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं। ऐसे में उन्हें बदहाल भवन, जलभराव और अपर्याप्त सुविधाओं के बीच इलाज के लिए मजबूर करना व्यवस्था के प्रति गंभीर लापरवाही है। अब केवल निरीक्षण और आश्वासन से काम नहीं चलेगा बल्कि स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने प्रशासन से अस्पताल की तत्काल व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ-साथ नए भवन निर्माण, जल निकासी, पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने की मांग की। इस अवसर पर डॉक्टर प्रतिभा मीणा, सीनियर लैब टेक्नीशियन कैलाश राजपुरोहित, चैनरूप भाटिया, महिला नर्सिंग कर्मचारी निशा, अनीता मीणा, कंपाउंडर रामकरण, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल, कामरेड भादर भामू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता : डीएसपी दरजाराम

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की ओर से चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को नगरपरिषद स्थित मास्टर भंवरलाल मेघवाल सभागार में महिलाओं के लिए जागरूकता मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी दरजाराम बोस ने कहा कि पुलिस की यह प्राथमिकता है कि महिलाओं की सुरक्षा और सुरक्षित माहौल मिले। उन्होंने कहा कि कोई भी पीड़ित महिला अपने अधिकारों का हनन होने या शोषण होने पर अपनी शिकायत थाने में दे सकती है, पुलिस उस शिकायत की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क महिलाओं की सहायता में हर वक्त तत्पर है। डीएसपी दरजाराम बोस ने कहा कि पुलिस समाज की सुरक्षा के लिए बनी है और छोटी मोटी घटनाओं में शिकायत करने पर भी महिला की पहचान जाहिर नहीं की जाती। इसलिए महिलाएं उनके साथ हो रहे अत्याचारों की खुलकर शिकायत कर सकती हैं। कार्यक्रम में कोतवाली सीआई मुकेश चन्द ने महिलाओं के अधिकारों और महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090, 112 आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन का उपयोग करें। गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी ने कहा कि महिलाओं की कमेटी का गठन किए जाने की मांग रखी ताकि कानून के दुरूपयोग को रोका जा सके। मीटिंग में चंद्रप्रभा सोनी, रूपा प्रजापत, सुधा करवा, रजनी सोनी, जरीना भाटी, कविता जैन, सुनीता भाटी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। सब इंस्पेक्टर पप्पूराम, कांस्टेबल विक्रम रोलण भी मौजूद रहे।

## गौ सेवा सम्मान व प्रतिभा सम्मान समारोह कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** गौ भक्त एवं जन सेवक श्याम यादव निवासी फुटाला के जन्मदिन के उपलक्ष में रविवार को गौ सेवा सम्मान व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यादव ने बताया कि कार्यक्रम श्रीराम कृष्ण गौशाला फुटाला में आयोजित किया जाएगा जिसमें वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों, प्रगतिशील किसानों, पत्रकार, गोसेवक, मेधावी छात्र-छात्राओं व 2026 में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन होने वालों का सम्मान किया जाएगा। टीम श्याम यादव ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से देर रात्रि तक चलेगा जिसमें रतन फौजी एंड पार्टी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम की एंकरिंग खाटूश्याम नगरी के सुप्रसिद्ध एंकर हमीर सिंह मंडा करेंगे।

## सिटी डिस्पेंसरी भवन को स्थायी चिकित्सक का इंतजार



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के जावा बास स्थित राजकीय शहरी स्वास्थ्य केंद्र (सिटी डिस्पेंसरी) पिछले करीब तीन वर्षों से बिना स्थायी चिकित्सक के संचालित हो रहा है। बड़ी आबादी के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र होने के बावजूद यहां डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार केंद्र पर प्रतिदिन लगभग 70 से 100 तक मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं लेकिन चिकित्सक के अभाव में अधिकांश मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ता है या फिर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं नर्सिंग स्टाफ को बतानी पड़ती हैं। गंभीर मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है,, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताया गया कि यहां कार्यरत रहे डॉ हेमंत के स्थानांतरण के बाद अक्टूबर 2023 से चिकित्सक का पद रिक्त पड़ा है। तब से इस स्वास्थ्य केंद्र का अतिरिक्त कार्यभार डिप्टी सीएमएचओ डीडवाना डॉ जोगेंद्र ठोलिया के पास है। बावजूद इसके यहां नियमित चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र पर नर्सिंग ऑफिसर प्रेम खिलेरी, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विकास स्वामी, नर्सिंग स्टाफ जयप्रकाश, प्रेमाराम, मकसूद शेख तथा एएनएम पूनम गेना, शिल्पा, मंजू, रामपी और टीकमचंद सहित अन्य कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद स्टाफ मरीजों को राहत देने का प्रयास कर रहा है लेकिन चिकित्सक की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इस संबंध में ब्लॉक सीएमएचओ डॉ शक्ति सिंह शेखावत ने बताया कि शहरी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की नियुक्ति को लेकर चिकित्सा विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है और समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आमजन की मांग है कि शहर की बढ़ती आबादी और मरीजों की संख्या को देखते हुए जावा बास स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र स्थायी चिकित्सक की नियुक्ति की जाए ताकि लोगों को समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें और भवन का सदुपयोग किया जा सके।

## श्मशान भूमि से अवैध कब्जे को हटाने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम करेजड़ा की श्मसान भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप लगाते हुए कुछ ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि गांव में खसरा संख्या 306 गैर मुमकिन श्मसान भूमि स्थित है। उक्त भूमि पूरे करेजड़ा गांव की है। जिस पर पिछले कुछ समय से स्थानीय निवासी दिलीपसिंह द्वारा भूमि के समतलीकरण की आड़ में अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे संपूर्ण ग्रामवासियों में भारी आक्रोश है। इसलिए श्मसान भूमि पर किए गए इस अवैध कब्जे को तुरंत प्रभाव से हटवाने की व्यवस्था की जावे तथा श्मशान भूमि की नपती कवाकर तारबन्दी करवाकर ग्रामीणों को न्याय दिलवाया जावे। उपखंड अधिकारी ने तहसीलदार को भेजकर समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गांव के बजरंगसिंह फौजी, महेंद्र सिंह, भागीरथराम ईनाणिया, नारायणसिंह, रामावतार ईनाणिया, राजेंद्र मील, बींजाराम मेघवाल, लालाराम मेघवाल, गोविंद सिंह, श्रवणराम, बाबूलाल मेघवाल, गौरूसिंह, प्रतापसिंह, रणजीत आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भारतीय विद्यार्थी मोर्चा ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन के प्रथम चरण के तहत राष्ट्रपति के नाम तारानगर उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला को ज्ञापन सौंपा। भारतीय विद्यार्थी मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मनफूल पटीर ने बताया कि मोर्चे ने ज्ञापन देकर ईवीएम के माध्यम से होने वाले चुनावों पर रोक लगाने, नीट परीक्षा प्रणाली को समाप्त कर एआईआईएमएस के निगरानी में परीक्षा प्रणाली बनाने, जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन करने वाले छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे तत्काल वापस लेने,, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की व्यापक समीक्षा, संशोधन करने, शिक्षा निजीकरण पर रोक लगाने,, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को भंग/ब्लैकलिस्ट करने, नीट, एमएससी (सीजीएल) सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार होने वाले पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगाने, वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता समाप्त करने, केंद्र एवं राज्य सरकारों के सभी विभागों में वर्षों से रिक्त पड़े पदों पर भर्ती करने, छात्राओं के साथ हो रहे शोषण, अन्याय पर प्रभावी रोक लगाने, देश में समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की। इस मौके पर भारतीय विद्यार्थी मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मनफूल पटीर, लिख्मीचंद पटीर, छगनमल सैनी, रणजीत कुमार, लक्ष्मीनारायण चायल, प्रदीप कुमार आदि अनेक लोग मौजूद थे।

## अब सरकारी चिकित्सालय में होंगे बिना चीर फाड़ के जटिल ऑपरेशन्स

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** सेठ सूरजमल जालान राजकीय जिला चिकित्सालय में अब बिना चीर फाड़ के जटिल ऑपरेशन्स हो सकेंगे। इस हेतु श्री गांधी बाल निकेतन द्वारा भामाशाहों के सहयोग से चलाई जा रही मेडिकल इक्विपमेंट परियोजना के तहत जनरल सर्जरी विभाग के लिए लेप्रोस्कोप, लेजर, ऐनेस्थीसिया, ईटीओ, फोगर, ओटी टेबल, ब्लड वार्मर, कोटरी जैसी अत्याधुनिक मशीनें हॉस्पिटल में लगवा दी गई है। इन मशीनों के अभाव में सर्जरी से जुड़े सभी प्रकार के ऑपरेशन्स हेतु मरीजों को रैफर किया जाता था, जिसके चलते मरीजों को भारी आर्थिक एवं मानसिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। सर्जरी से जुड़े सभी छोटे-बड़े ऑपरेशन्स में काम आने वाली इन अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना हेतु अरूण अजीतसरिया तथा हर्ष अजीतसरिया द्वारा अपने परिवार के किशनदयाल रामेश्वर चैरिटी ट्रस्ट कोलकाता के माध्यम से 80 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई है। भामाशाह अरूण अजीतसरिया ने बताया कि हमारे परिवार के सहयोग से पूर्व में ऑर्थोपेडिक विभाग में 30 लाख की लागत से सी आर्म मशीन लगवाई गई थी जिसके बाद से इससे जुड़े सभी मरीजों का इलाज स्थानीय स्तर पर होने लगा।

## कांग्रेस ब्लॉक कमेटी की मीटिंग आज

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार शनिवार को ढाई बजे चुंगी नंबर 3 के निकट रत्नागिरी मैरिज गार्डन में कांग्रेस ब्लॉक कमेटी की मीटिंग आयोजित होगी। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी के अनुसार इस मीटिंग में पंचायत राज व नगर निकाय चुनाव 2026 के चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। विधायक भगवाना राम सैनी उदयपुरवाटी, उदयपुरवाटी विधानसभा प्रभारी धन सिंह नरूका मौजूद रहेंगे। इस दौरान पंचायत राज व नगर निकाय में चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगे तथा अपने विचार रख सकते हैं। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190